Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...

# घटती घटना

RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022

अम्बिकापुर , वर्ष 19,अंक -10,गुरूवार ,10 नवम्बर 2022, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

जब तक मन नहीं जीता और राग द्वेष शांत नहीं होते, तब तक मनुष्य इंद्रियों का गुलाम बना रहता है।

- विनोबा भावे-

## भगोड़े नीरव मोदी को जल्द लाया जायेगा भारत

### »ब्रिटेन के उच्च न्यायालय ने किया प्रत्यर्पण का रास्ता साफ

**नई दिल्ली ,09 नवंबर 2022(ए)।** रक्षा सौदों की दलाली में संजय भंडारी के बाद अब ब्रिटिश हाईकोर्ट ने पीएनबी घोटाले के मुख्य आरोपी नीरव मोदी के प्रत्यर्पण का आदेश दिया है। हाईकोर्ट ने मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण प्रत्यपर्ण नहीं करने के नीरव मोदी की दलील को सिरे से खारिज कर दिया। इसी हफ्ते संजय भंडारी के मामले में ब्रिटेन की स्थानीय अदालत ने भारत में निष्पक्ष सुनवाई नहीं होने और तिहाड़ जेल की खराब स्थिति के आधार पर प्रत्यर्पण से बचने की दलील को खारिज कर दिया था।

### ब्रिटिश हाई कोर्ट ने सबूतों को किया स्वीकार

13,500 करोड़ रुपए के पीएनबी घोटाले के आरोपी के खिलाफ फैसला सुनाते हुए ब्रिटिश अदालत ने भारतीय जांच एजेंसियों की ओर से जुटाए गए सबूतों को स्वीकार किया। इनमें बैंकों से लाइन आफ क्रेडिट के माध्यम से करोड़ रुपये लेकर हड़पने से लेकर सबूतों को मिटाने और गवाहों को धमकाने के सबूत हैं। इसी साल फरवरी में ब्रिटेन की स्थानीय अदालत ने भारत की ओर से पेश के किये गए सीबीआइ और ईडी के सबूतों के आधार पर नीरव मोदी के प्रत्यर्पण का फैसला दिया था।

### नीरव मोदी की अपील

नीरव मोदी ने हाईकोर्ट में यूरोपीयन कनवेंशन आफ ह्यूमन राइट की धारा-3 और ब्रिटेन की प्रत्यर्पण कानून 2003 के तहत भारत प्रत्यर्पण नहीं करने की अपील की थी। इनमें



मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति के व्यक्ति के प्रत्यर्पण पर रोक लगाई गई है। हाईकोर्ट ने मानसिक रूप से बीमार होने के नीरव मोदी के दावे को खारिज कर दिया। नीरव मोदी फिलहाल ब्रिटेन की जेल में बंद है। लेकिन इस फैसले के खिलाफ वह ब्रिटिश सुप्रीम कोर्ट में अपील कर सकता है।

### भारतीय न्याय प्रणाली की प्रशंसा

वहीं रक्षा सौदों की दलाली और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी संजय भंडारी के मामले में ब्रिटेन की स्थानीय अदालत ने भारत में निष्पक्ष न्याय नहीं मिलने और जेल में कानून व्यवस्था की खराब स्थिति के आरोपों को खारिज कर दिया था। ब्रिटिश अदालत ने भारतीय न्यायिक प्रणाली की प्रशंसा करते हुए उसे निष्पक्ष और स्वतंत्र करार दिया। अदालत ने साफ किया कि भारत में कानून का शासन है और जेल में दु र्व्यवहार की शिकायतों पर भारतीय अदालतों ने जांच के भी आदेश दिये हैं।
उसके अनुसार भारत में अपराधिक सुनवाई संविधान और सीआरपीसी के दायरे में होती है और किसी भी अपराधी को अदालत के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में अपील की आजादी है। ब्रिटिश अदालत ने भारत के मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून और बेनामी कानून की भी तारीफ की। अदालत ने कहा कि ये दोनों की कानून अंतरराष्टीय मापदंडों के अनुरूप हैं और उनमें टैक्स चोरी और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े अपराध से निपटने के लिए पुख्ता प्राविधान है।
ब्रिटिश अदालत ने इन दोनों कानून में बेगुनाही के सबूत की पूरी जिम्मेदारी आरोपी डाले जाने के आरोप भी खारिज कर दिया। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि संजय भंडारी ने एक भी ऐसा सबूत नहीं दिया, जिससे यह साबित होता है कि उसे भारत में न्याय नहीं मिलने का खतरा है।

## राष्ट्रपति मुर्मू और पीएम मोदी ने दी उत्तराखंड स्थापना दिवस की शुभकामनाएं



**नई दिल्ली ,09 नवंबर 2022(ए)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड स्थापना दिवस पर राज्य के लोगों को शुभकामनाएं देते हुए राज्य के लगातार प्रगति और विकास की कामना की है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हिमालय की गोद में बसे उत्तराखंड के निवासियों को राज्य के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए ट्वीट कर कहा, उत्तराखंड दिवस पर देव भूमि के निवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं! हिमालय की गोद में बसे उत्तराखंड ने अपनी सांस्कृतिक विरासत को संजोते हुए विकास के अनेक प्रतिमान स्थापित किए हैं। मेरी कामना है कि उत्तराखंड संस्कृति और पर्यावरण का संतुलन बनाते हुए विकास के पथ पर सदैव अग्रसर रहे।

## धनंजय वाई.चंद्रचूड़ ने भारत के 50वें प्रधान न्यायाधीश के रूप में ली शपथ



**नई दिल्ली ,09 नवंबर 2022(ए)।** जस्टिस धनंजय वाई. चंद्रचूड़ ने भारत के 50वें प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) के रूप से बुधवार को पद की शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में उन्हें पद की शपथ दिलाई। उन्होंने जस्टिस उदय उमेश ललित की जगह ली है, जिनका कार्यकाल 8 नवंबर को पूरा हुआ। जस्टिस चंद्रचूड़ 10 नवंबर, 2024 तक 2 साल के लिए सीजेआई रहेंगे। राष्ट्रपति भवन में शपथ ग्रहण समारोह के तुरंत बाद देश के 50वें सीजेआई उच्चतम न्यायालय परिसर में पहुंचे तथा महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश के लोगों की सेवा करना उनकी 'प्राथमिकता है। उन्होंने कहा, 'आम जनता की सेवा करना मेरी प्राथमिकता है। कृपया भरोसा रखें, मैं देश के सभी नागरिकों के लिए काम करूंगा। चाहे प्रौद्योगिकी हो या रजिस्ट्री हो...या न्यायिक सुधार हो, मैं हर मामले में नागरिकों का ध्यान रखूंगा।

## 1286 करोड़ रुपये को अरविंद केजरीवाल ने पानी की तरह बहा दिये : मीनाक्षी



**नई दिल्ली ,09 नवंबर 2022(ए)।** केंद्रीय राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने कहा कि केजरीवाल की विज्ञापन रुपी राजनीति और पर्यावरण को लेकर किए गए कोरे वायदों का भंडाफोड़ करते हुए कहा कि 1286.93 करोड़ रुपये पर्यावरण सेस के रुप में दिल्ली की जनता ने केजरीवाल सरकार को दिया लेकिन उन पैसों का रिजल्ट है कि आज छोटे बच्चे खांस रहे हैं, बुजुर्गों को फेफड़ों की बीमारियां हो रही है और दिल्ली के अस्पताल हैं जहां केजरीवाल के चमकते चेहरों के होर्डिंग्स तो मिल जायेंगे, लेकिन बेसिक जांच की सुविधाओं के अभाव में मरीज इधर-उधर भटकते रहते हैं।

## आंध्र प्रदेश में ट्रेन पटरी से उतरी,नौ ट्रेनें रद्द



**विजयवाड़ा ,09 नवंबर 2022(ए)।** आंध्र प्रदेश में राजमुंदरी रेलवे स्टेशन के पास बुधवार तड़के एक मालगाड़ी पटरी से उतर गई, जिससे नौ ट्रेनें रद्द हो गईं। दक्षिण मध्य रेलवे, विजयवाड़ा मंडल के अधिकारियों के अनुसार राजमुंदरी यार्ड में मुख्य लाइन पर तड़के करीब तीन बजे मालगाड़ी पटरी से उतर गई।
घटना के बाद, रेलवे अधिकारी एक ट्रैक पर ट्रेनों की आवाजाही की अनुमति दे रहे थे। इसके चलते नौ ट्रेनों को रद्द करना पड़ा है। दो अन्य ट्रेनों को आंशिक रूप से रद्द कर दिया गया और एक ट्रेन के समय में बदलाव किया गया।

## झूठी आन के लिए शादीशुदा बहन और उसके प्रेमी की हत्या कर शवों को फेंका

**बागपत ,09 नवंबर 2022(ए)।** उत्तरप्रदेश के बागपत में ऑनर किलिंग का मामला सामने आया है। यहां रमाला के असारा गांव में झूठी आन के लिए एक भाई ने अपनी शादीशुदा बहन और उसके शादीशुदा प्रेमी की हत्या कर दोनों शवों को असारा और लूंब गांव के जंगलों में फेंक दिया। पुलिस ने महिला के भाई को साथ लेकर दोनों शवों को बरामद कर कार्रवाई शुरू कर दी है। आनर किलिंग के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है।




### दोनों में चल रहा था प्रेम प्रसंग

असारा गांव की मेहजबी का निकाह सात साल पहले शामली जनपद के गंगेरू गांव में शाजिद के साथ हुआ था। उसके तीन बच्चे हैं। निकाह से पहले ही महजबी का प्रेम प्रसंग असारा गांव के ही आरिफ से चल रहा था। आरिफ का भी निकाह हो चुका है, लेकिन दोनों के बीच प्रेम प्रसंग चलता रहा। तीन माह पहले महजबी कांधला कस्बे में किराए पर कमरा लेकर रहने लगी थी। 22 अक्टूबर को महजबी अचानक गायब हो गई, जिसकी गुमशुदगी महजबी के भाई ने रमाला थाने पर आरिफ और उसके बहनोई के खिलाफ दर्ज कराई थी। उधर, आरिफ भी उसी समय से गायब चल रहा था।

### भाई को हिरासत में लिया तो पता चला

पुलिस ने शक होने पर महजबी के भाई मुसरलीन को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो महजबी के भाई ने पुलिस को अपनी बहन और उसके प्रेमी की हत्या कर शव फेंकने की पुलिस को जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस ने रात लगभग दो बजे महजबी के शव को असारा गांव के जंगल से बरामद कर लिया। महजबी के भाई की सूचना पर पुलिस आरिफ के शव की तलाश में शामली के नाला गांव के जंगल मे पहुंची, लेकिन कई घंटे बाद भी आरिफ का शव बरामद नहीं हुआ।

### पीट-पीटकर की गई हत्या

उधर, बुधवार की सुबह बागपत शामली जनपद के बार्डर पर लूंब गांव के जंगल में लोगों ने एक युवक का शव पड़ा देखा तो पुलिस को जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस ने शव को बरामद कर लिया। मरने वाले युवक की पहचान असारा गांव के आरिफ के रूप में हुई है। वहीं छपरौली थाना प्रभारी नितिन पांडेय ने बताया कि आरिफ की पीट-पीटकर कर हत्या की गई है।

### पुलिस कर रही है पूछताछ

शव मिलने की जानकारी रमाला पुलिस को दे दी गई है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। रमाला थाना इंस्पेक्टर ने बताया कि मुरसलीन ने अपनी बहन महजबी को बहला फुसलाकर कर और धमकी देने का मुकदमा आरिफ और उसके बहनोई के खिलाफ थाने में दर्ज कराया था। महजबी के भाई मुसरलीन को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## पंजाब-हिमाचल सहित भारत के 8 राज्यों में कांपी धरती

### » नेपाल में 6 की मौत

**नई दिल्ली ,,09 नवंबर 2022(ए)।** भारत-चीन और नेपाल में देर रात करीब 2 बजे भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। इसकी तीव्रता 6.3 रिएक्टर स्केल मांपी गई। वहीं भारत में दिल्ली, यूपी, बिहार, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, पंजाब, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के कई शहरों में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र नेपाल था। ऐसे में सबसे ज्यादा तबाही की खबरें नेपाल से ही सामने आ रही हैं। यहां भूकंप के चलते घर गिरने से 6 लोगों की मौत हो गई। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में बुधवार सुबह 6.27 बजे फिर से भूकंप के झटके महसूस किए गए।
भारत में नेपाल सीमा से सटे उत्तराखंड के पिथौरागढ़ के पास सबसे तेज 6.3 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। इसके साथ ही पूरे उत्तर भारत में भी भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक, भूकंप का केंद्र पिथौरागढ़ से लगभग 90 किमी दूर नेपाल में था।




भारत में दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद और गुरुग्राम में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। यहां तक कि लखनऊ में भी झटकों ने लोगों की नींद उड़ा दी। भूकंप का केंद्र नेपाल में दिपायल से 21 किमी दूर था। यहां मंगलवार देर शाम को भी दो बार भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। उनकी तीव्रता 4.9 और 3.5 थी। इससे पहले उत्तराखंड में रविवार शाम को भी भूकंप के झटके महसूस किए गए थे।
नेपाल में भूकंप से सबसे ज्यादा नुकसान की खबर है। यहां के डोटी में भूकंप के झटकों से एक मकान गिर गया। इस हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। जबकि 5 लोग घालय हो गए। डोटी में 6.6 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। मरने वालों में एक ही परिवार के 3 लोग शामिल हैं। भूकंप में घायल हुए लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नेपाल में सेना राहत और बचाव कार्य में जुट गई है।
नेपाल के पीएम शेर बहादुर देउवान ने भूकंप की वजह से हुए नुकसान पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने ट्वीट किया, भूकंप में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं। मैंने संबंधित एजेंसियों को प्रभावित क्षेत्रों में घायलों और पीड़ितों के तत्काल और उचित इलाज की व्यवस्था कराने के निर्देश दे दिए हैं।

### पात्रा चॉल मामले में शिवसेना नेता संजय राउत को बड़ी राहत

## पीएमएलए कोर्ट से मिली जमानत

**मुंबई ,09 नवंबर 2022(ए)।** पात्रा चॉल मामले में शिवसेना नेता संजय राउत को बड़ी राहत मिली है। आज राउत की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए मुंबई की पीएमएलए कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी है। संजय राउत के अलावा उनके करीबी प्रवीण राउत को भी पीएमएलए कोर्ट से जमानत मिली है। राउत पात्रा चॉल भूमि घोटाले के आरोप में लंबे समय से जेल में बंद हैं।



तीन महीने से ज्यादा वक्त से जेल में बंद संजय राउत को अभी फौरी राहत मिली है। राउत को 31 जुलाई को ईडी ने गिरफ्तार किया था। राउत की जमानत याचिका पर कई बार सुनवाई की तारीख पड़ी, लेकिन हर बार कोर्ट से उनकी न्यायिक हिरासत बढ़ा दी गई। जुलाई से जेल में बंद शिवसेना सांसद को अब जाकर जमानत मिली है। कई बार उनकी रिमांड बढ़ा दी गई सबसे पहले संजय राउत की रिमांड 8 अगस्त तक और फिर 22 अगस्त तक बढ़ाई गई थी। तीसरी बार उनकी रिमांड 5 सितंबर तक बढ़ा दी गई थी। मुंबई के पात्रा चॉल जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों को लेकर श्रष्ठ ने कार्रवाई की थी, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया।
पात्रा चॉल जमीन घोटाला 1,039 करोड़ रुपये का है। इस घोटाले में ईडी ने प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। इसके बाद ईडी ने संजय राउत के घर तलाशी में 11.5 लाख रुपये भी जब्त किए थे। मामले में अप्रैल में ईडी ने संजय राउत की पत्नी वर्षा राउत और उनके करीबियों की 11.15 करोड़ रुपये की संपत्ति भी जब्त की थी।

## विभागीय कोष की हेराफेरी के आरोप में जीएसआई का शीर्ष अधिकारी गिरफ्तार



**कोलकाता ,09 नवंबर 2022(ए)।** पश्चिम बंगाल पुलिस के आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) ने बुधवार को बताया कि भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) के एक शीर्ष अधिकारी को विभागीय कोष की हेराफेरी के आरोप में कोलकाता में गिरफ्तार किया गया है। सब्यसाची साहा (51) को शहर के उत्तरी बाहरी इलाके केस्तोपुर में रवींद्र पल्ली स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया गया, हालांकि राज्य पुलिस ने उनकी गिरफ्तारी की तारीख और समय के बारे में नहीं बताया। सीआईडी सूत्रों के मुताबिक, अधिकारी साहा के खिलाफ विभागीय फंड में करीब एक करोड़ रुपये की हेराफेरी की शिकायतों की जांच कर रहे थे। जांच में पता चला कि ठगी गई रकम को आरोपी ने अपनी पत्नी और परिवार के अन्य सदस्यों के नाम से खोले गए खातों में भेज दिया। पता चला है कि कुछ साल पहले साहा के खिलाफ विभागीय फंड आवंटन के आरोप लगाए गए थे, जिसके बाद उन्हें कुछ समय के लिए निलंबित कर दिया गया था।

## दिल्ली ननि चुनाव का फैसला करेंगे कूड़े के पहाड़

-डॉ. राजकुमार मिश्र-

**नई दिल्ली ,09 नवंबर 2022(घटती-घटना)।** उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने आज साफ कर दिया कि दिल्ली नगर निगम के चुनाव में अन्य सभी मुद्दों से बड़ा मुद्दा कूड़े के पहाड़ों का ही रहेगा।पंद्रह सालों से निगम पर काबिज भाजपा ने कूड़े के निस्तारण की कोई परवाह नही की जिससे कूड़े के बड़े बड़े पहाड़ खड़े हो चुके हैं जिससे जनता का दम घुट रहा है।
उपमुख्यमंत्री गाजीपुर लैंडफिल साइट पर कूड़े के पहाड़ों का अवलोकन करने पहुंचे और फिर भाजपा पर जनता की आंखों में



धूल झोंकने का आरोप लगाते हुए कहा कि समस्या का निस्तारण करने का दावा करते हुए कूड़े के जिस पहाड़ की ऊंचाई को कम दिखाया गया दरअसल उतने कूड़े को निगम ने वर्षो से खाली पड़ी आसपास की जमीन पर ही फैलाकर समस्या को और भी बढ़ाने का ही काम कर डाला है। आम आदमी पार्टी को दिल्ली की जनता नगरनिगम में पूर्ण बहुमत देकर इस दमघोंटू समस्या से मुक्ति पाने के लिए वोट डालने का इंतजार कर रही है।

## गुजरात में ओवैसी को मिला मुद्दा,स्लाटर हाऊस बचाएंगे

**अहमदाबाद,,09 नवंबर 2022(घटती-घटना)।** पूरे गुजरात मे 36 स्लाटर हाऊस थे जिनमें से अभी सिर्फ चार पांच ही रह गए हैं ।इस वजह से मांस के कारोबार को जबरदस्त नुकसान हो रहा है।गुजरात मे लगभग 15 प्रतिशत आबादी मुसलमानों की है जो विधानसभा की अनेकों सीटों पर निर्णायक हैसियत रखते हैं।चुनावी मैदान में जोरशोर से एक दूसरे को नीचा बताने में जुटी भाजपा,कांग्रेस और आम आदमी पार्टी को बेशक मुसलमानों के वोट भी चाहिए मगर तीनो में से किसी ने भी कभी एक बार भी स्लाटर हाउसों को बन्द कराए



जाने की तानाशाही के खिलाफ कुछ नही कहा है और मुसलमानों के लिए अपने हितों की यह अनदेखीअब बर्दास्त से बाहर हो गई है। ऐसे में जनाब असदुद्दीन ओवैसी इसबार उक्त कठिन समस्या को अपनी पार्टी एआईएमआई की जानिब से सफलता मिलने तक उठाते रहने का वादा करते हुए मुसलमानों को हिम्मत बंधाते दिखने लगे है।ओवैसी इससे पहले बिहार बंगाल यूपी में चुनावों के दौरान मुसलमानों के ज्यादातर लोकल मसलों पर ऐसी ही।मुखरत दिखाकरकुछ सफलता हासिल की है।अब गुजरात मे सभी गैर मुस्लिम लीडरों की अनदेखी झेल रहे स्लाटर हाऊस मसले को कुरेदकर ओवैसी क्या कुछ हासिल कर पाते है- यह देखनेवाली बात होगी।

## नोटबंदी मामले में सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल करने के लिए केंद्र ने मांगा और समय

**नई दिल्ली ,09 नवंबर 2022(ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को नोटबंदी मामले की सुनवाई 24 नवंबर तक के लिए टाल दी। दरअसल, केंद्र सरकार हलफनामा दाखिल करने में विफल रही, जिसे कोर्ट ने 'शर्मिंदा करने वाला ' करार दिया। 11 अक्टूबर को, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और आरबीआई से 2016 के नोटबंदी के फैसले पर हलफनामा दायर करने और आरबीआई को केंद्र के पत्र, आरबीआई बोर्ड के फैसले और नोटबंदी की घोषणा के संबंध में फाइलें तैयार रखने को कहा था।
न्यायमूर्ति एसए नजीर की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति बी.आर. गवई, ए.एस. बोपन्ना, वी. रामसुब्रमण्यम, और बी.वी. नागरत्ना शामिल हैं, ने मामले को तब




स्थगित कर दिया जब अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमनी ने हलफनामा दायर करने के लिए और समय की मांग की।
वेंकटरमनी ने हलफनामा तैयार नहीं कर पाने के लिए पीठ से माफी मांगी और एक सप्ताह का समय मांगा। पीठ ने कहा, आम तौर पर एक संविधान पीठ इस तरह कभी भी स्थगित नहीं होती है। हम कभी ऐसे नहीं उठते। यह कोर्ट के लिए भी बेहद शर्मनाक है। इस पर वेंकटरमणि ने कहा कि यह उनके लिए भी शर्मनाक है।
याचिकाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले वकीलों ने कार्यवाही स्थगित करने की दलीलों के खिलाफ तर्क देते हुए कहा कि यह संविधान पीठ के समक्ष कभी भी स्वीकृत नहीं रहा है। याचिकाकर्ताओं में से एक का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान ने कहा कि स्थगन के लिए एक संविधान पीठ से पूछना सामान्य बात नहीं है। याचिकाकर्ताओं के अन्य वकील ने कहा कि उन्हें बहस करने की अनुमति दी जानी चाहिए और आरबीआई और केंद्र सरकार हलफनामा दाखिल करने के लिए अपना समय ले सकती है। एक अन्य याचिकाकर्ता का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि यह स्थिति शर्मनाक है।
कार्यवाही को टालते हुए, शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि सरकार और आरबीआई को एक सप्ताह के भीतर अपने हलफनामे प्रस्तुत करने होंगे।शीर्ष अदालत 500 और 1,000 रुपये के नोटों को प्रचलन से बाहर करने के केंद्र के 2016 के नोटबंदी के फैसले को चुनौती देने वाली 50 से अधिक याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है।

## मिशन अस्पताल की पार्किंग व्यवस्था पर सतत निगरानी जरूरी

**अम्बिकापुर 09 नवंबर 2022(घटती-घटना)।** होलीक्रास हॉस्पिटल के सामने से एकबार फिर वाहनों और ठेलों को कल दिनभर मशक्कत करके हटाया गया मगर इससे ठीक पहले नगर निगम आयुक्त ने सख्ती के साथ उक्त अस्पताल प्रबंधन को उनके परिसर में पार्किंग के लिए भरपूर स्थान होते हुए भी अस्पताल आनेवालों के वाहनों को सड़क पर ही खड़ा करने के लिए विवश किए जाने से बाज आने की चेतावनी दी थी पर आयुक्त की सख्ती का असर चंद दिनों में ही बेअसर हो गया।
मिशन अस्पताल के नाम से दूर दूर तक प्रसिद्ध अम्बिकापुर का होलिक्रॉस



हॉस्पिटल प्रतिदिन हजारों मरीजों और उनके परिजनों से अटा रहता है मगर अस्पताल प्रबंधन द्वारा वाहनों की पार्किंग व्यवस्था के प्रति टरकाऊ रवैया ही क्यो बनाए रखता है इसका जबाब आसपास रहनेवाले लोग भी जानना चाहते हैं समय समय पर व्यवस्था दुरुस्त करने के नाम पर इस अस्पताल के सामने सड़क के दोनों तरफ लगने वाले ठेलों को चपेट में ले लिया जाता।इन ठेलों से अस्पताल आनेजाने वाले लोगो और मरीजों के लिए फल दूध ब्रेड बिस्कुट जैसी लगभग सभी जरूरतों की पूर्ति होती है।भीड़ भाड़ और बेतरतीब इंतजाम के बावजूद इन ठेले वालों की जरूरत से कोई इनकार नही कर सकता।जरूरत इन्हें उचित मदद देते हुए पक्की और स्थायी व्यवस्था किए जाने की है।

## संपादकीय

# अशोक गहलोत की बात

ये दोनों नैरेटिव इतने परस्पर विरोधी हैं कि इन्हें मानने वालों के बीच आज किसी प्रकार के संवाद की गुंजाइश नहीं दिखती। इसीलिए मानगढ़ जिले में एक समारोह के दौरान गहलोत ने जो एक सामान्य बात कही, उसने ध्यान खींचा और महत्त्वपूर्ण मालूम पड़ी।

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में एक मार्के की बात कही। मौका मानगढ़ जिले में एक समारोह का था। गहलोत ने कहा कि नरेंद्र मोदी आज दुनिया भर में जहां भी जाते हैं, वहां उनका सम्मान होता है, तो इसलिए कि वे एक ऐसे देश के प्रधानमंत्री के रूप में वहां जाते हैं, जहां 70 में लोकतंत्र की समृद्ध परंपरा खड़ी हुई है। स्पष्टतः गहलोत ने मोदी के सम्मान को देश के सम्मान से जोड़ा। यह बात संभवतः मोदी और उनके कट्टर समर्थकों को रास नहीं आई होगी। इसलिए कि उन्होंने अपनी राजनीतिक पूंजी '70 साल में कुछ नहीं हुआ और सिर्फ देश को लूटा गया' का नैरेटिव फैलाते हुए बनाई है। उनकी इस रणनीति से उन्हें और उनकी भारतीय जनता पार्टी को काफी सियासी फायदा हुआ है। लेकिन इसका एक दूसरा परिणाम देश में गहरे मत-विभाजन और ध्रुवीकरण के रूप में उभरा है। इसके बीच एक दूसरा नैरेटिव यह है कि बीते आठ साल में वह 'इंडिया स्टोरी' धूमिल हो गई है, जिसकी बदौलत भारत की सारी दुनिया में प्रतिष्ठा बढ़ती जा रही थी। अब वो कहानी पलट गई है। ये

दोनों नैरेटिव इतने परस्पर विरोधी हैं कि इन्हें मानने वालों के बीच आज किसी प्रकार के संवाद की गुंजाइश नहीं दिखती। इसीलिए मानगढ़ जिले में एक समारोह के दौरान गहलोत ने जो एक सामान्य बात कही, उसने ध्यान खींचा और महत्त्वपूर्ण मालूम पड़ी। तथ्य यही है कि 'इंडिया स्टोरी' का आधार भारत में लोकतंत्र की जड़ें गहरी होने, 1990 के दशक के बाद आर्थिक वृद्धि दर में तेज उछाल, और भारतीय शिक्षा संस्थानों से पढ़ कर निकले व्यक्तियों का विदेशों में पेशेवर क्षेत्रों- खास कर आधुनिक क्षेत्र प्रबंधन के क्षेत्र में छा जाने से बना। ये तीनों आधार आज कमजोर होते नजर आते हैं। दुनिया की बड़ी सूचना तकनीक कंपनियों के उच्च पदों पर पहुंचे भारतीय गुजरे दशकों में तैयार हुए थे।


## नाम ले ले के तेरा



**पुष्पा स्वाती**
मुम्बई

और कितना तेरी आमद का इंतजार करें
दिल ए बेज़ार को कब तक यूंहीं बेदार करें
करवटों में गुजर गई न जाने कितनी शब
कब तलक ख्वाबों खयालों में यूं दीदार करें
पास आओ के धड़कनों की सदाएं सुन लो
नाम ले ले के तेरा कितना बेकरार करें
आ जरा सामने तस्वीर से निकल के अब
हाल -ए- दिल इश्क का इजहार करें
बाहों में आ सिमट के हमसे क्या पर्दादारी
कुबूल दिल की हसरतों को बार-बार करें

## मेरी आँखों में



**प्रियंका अग्निहोत्री गीत**
वाराणसी उत्तरप्रदेश

वस्ल की वो रात मेरी आँखों में है
पहली मुलाक़ात मेरी आँखों में है
जिस घड़ी मुझको ब्याहा था तूने
वो तारों की बरात मेरी आँखों में है
तेरे साथ बुनती हूँ मैं ख़्वाब जिसके
वो ख़्वाब सी हयात मेरी आँखों में है
थाम तेरा हाथ साथ भीगे थे जिसमें
बिन मौसम बरसात मेरी आँखों में है
बात तो गीत में भी बहुत है मगर
तेरी हर इक बात मेरी आँखों में है

## हमें तो है



**ओमप्रकाश बिन्जवे ÷ राजसागर**
भोपाल,मध्यप्रदेश

जहां से शिकायत, तुम्हें हो न हो,हमें तो है।
खुद से मौहब्बत, तुम्हें हो न हो ,हमें तो है।
जितना भी मिले कम ही है, इस हयात के लिए,
प्यार की जरूरत, तुम्हें हो न हो, हमें तो है।
हँस के जियेंगे हरेक लम्हाँ, जाया न करेंगे,
इस वक्त की कीमत,तुम्हें हो न हो,हमें तो है।
बैठेंगे दरख्त के नीचे,परींदों के गीत सुनेंगे,
के थोडी सी फुरसत, तुम्हें हो न हो,हमें तो है।
सच ही कहाँ जहां ने,माँ के कदमों तले जन्नत है,
माँ की अहमियत, तुम्हें हो न हो,हमें तो है।

## एक सुबह वो जरूर आएगी



**आशीष शर्मा अमृत**
जयपुर, राजस्थान

एक सुबह वो ज़रूर आएगी
हर एक चिंता से मुक्त होकर
जब चेहरे पे मुस्कान छाएगी
मन में बसे भय से दूर होकर
ज़िन्दगी फिर खिलखिलायेगी
एक सुबह वो ज़रूर आएगी
यारों से गले मिलेंगे, झूमकर
यादें वो पुरानी फिर छाएंगी
बेपरवाह बैठेंगे सब मिलकर
यारियां यारों की,जश्न मनाएगी
एक सुबह वो ज़रूर आएगी
अपनों संग निकलेंगे सफर पर
तो राह बोझल नज़र न आएगी
होगा तय सफर,मनमुक्त होकर
नई आशाएँ फिर खिलखिलायेंगी
एक सुबह वो ज़रूर आएगी
अंधी दौड़ में भाग रहे मनुष्य पर
ये कुदरत करिश्मा कर जाएगी
इंसानियत जिसने रखी ताक पर
उसकी समझ फिर लौट आएगी

# राष्ट्रीय स्मारक क्यों नहीं बन पाया मानगढ़ धाम ?



**रमेश सर्राफ धमोरा**
झुंझुनू, राजस्थान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक नवंबर को राजस्थान के बांसवाड़ा जिले में स्थित आदिवासियों के सबसे बड़े तीर्थस्थल मानगढ़ धाम की यात्रा की थी। प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा से इस क्षेत्र को राष्ट्रीय स्मारक घोषित किए जाने की आस जगी थी। मगर प्रधानमंत्री द्वारा उस संबंध में कोई घोषणा नहीं किए जाने के कारण लोगों में निराशा व्याप्त हो रही है। प्रधानमंत्री की यात्रा से पहले मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पत्र लिखकर प्रधानमंत्री से मानगढ़ धाम को राष्ट्रीय स्मारक घोषित किया जाने की मांग भी की थी।

मानगढ़ धाम को राष्ट्रीय स्मारक घोषित नहीं किए जाने पर राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद थी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मानगढ़ धाम की यात्रा के दौरान इसे राष्ट्रीय स्मारक घोषित कर देंगे। लेकिन उनकी यह उम्मीद पूरी नहीं हो सकी। उन्होंने कहा कि शायद प्रधानमंत्री मोदी को यह लगा होगा कि इस मामले में राजनीति हो रही है इसलिए थोड़ा रुका जाए। हालांकि मुख्यमंत्री गहलोत ने विश्वास जताया है कि मानगढ़ धाम आज नहीं तो कल राष्ट्रीय स्मारक घोषित होकर रहेगा। उन्होंने कहा कि लगता है प्रधानमंत्री से हमने कुछ ज्यादा मांग कर ली हो।

मानगढ़ धाम राजस्थान के बांसवाड़ा जिले के एक पहाड़ी क्षेत्र पर स्थित है। इसका 80 प्रतिशत भाग राजस्थान में वह 20 प्रतिशत भाग गुजरात की सीमा में स्थित है। इस क्षेत्र में राजस्थान, गुजरात व मध्यप्रदेश की सीमा लगती है। मानगढ़ धाम का क्षेत्र भील आदिवासी बहुल क्षेत्र है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 साल बाद मानगढ़ धाम की यात्रा की है। गुजरात विधानसभा के आगामी चुनाव को देखते हुए मोदी की मानगढ़ धाम यात्रा के कई सियासी मायने निकाले जा रहे हैं।

इस क्षेत्र में 3 प्रदेशों की 99 विधानसभा सीटों आती है। जिनमें राजस्थान की करीबन 25 सीटें गुजरात की करीबन 27 सीट एवं मध्य प्रदेश की करीबन 47 सीट शामिल है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी यात्रा के दौरान गुजरात क्षेत्र से राजस्थान में प्रवेश किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पता है कि गुजरात विधानसभा चुनाव के बाद अगले साल राजस्थान व मध्यप्रदेश विधानसभा के चुनाव होने हैं। आदिवासी बहुल इस क्षेत्र में अधिकतर कांग्रेस पार्टी का ही अधिक प्रभाव रहता आया है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐन चुनावी माहौल में मानगढ़ धाम की यात्रा की है।

प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम के दौरान मंच पर गुजरात के बड़े आदिवासी नेता व मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र भाई पटेल, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान, केंद्रीय इस्पात राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, संस्कृति राज्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, सांसद कनक मल कटारा, मानगढ़ धाम के विकास से जुड़े महेश शर्मा, मानगढ़ धाम के महंत सहित कुल




बारह लोग मंच पर उपस्थित थे। मानगढ़ धाम में प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा शासित गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान, मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल, केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते जो मध्य प्रदेश के मांडला से सांसद है। उनको विशेष रूप से कार्यक्रम में शामिल करवा कर एक संदेश देने का प्रयास किया कि केंद्र सरकार आदिवासियों के विकास के लिए सतत प्रयत्नशील है।

मानगढ़ धाम में उपस्थित आदिवासी जनसमुदाय को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने मानगढ़ धाम की एक नई तस्वीर बनाने के लिए राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र को जिम्मेदारी सौंपते हुए कहा कि चारों राज्य मिलकर विस्तृत चर्चा करें और एक रोड मैप बनाए ताकि मानगढ़ धाम में गोविंद गुरु की कर्म स्थली की भी दुनिया में बड़ी पहचान बने। उन्होंने कहा कि वह विश्वास दिलाते हैं कि जितनी जल्दी, जितना ज्यादा क्षेत्र निर्धारित करेंगे सब मिलकर भारत सरकार के नेतृत्व में क्षेत्र का और विकास कर सकते हैं। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि आप चाहे इससे राष्ट्रीय स्मारक का नाम दें या अन्य कुछ कहें लेकिन मैं चाहता हूं कि केंद्र सरकार व चारों प्रदेश मिलकर मानगढ़ धाम का चहुमुखी विकास करें। जिससे इस धाम को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल सके और क्षेत्र का समुचित विकास हो।

हालांकि मानगढ़ धाम आने से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने राजस्थान, गुजरात व मध्यप्रदेश के मुख्य सचिवों से स्वयं विस्तृत चर्चा की थी और यहां के बारे में फीडबैक लिया था। केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय भी मानगढ़ धाम के बारे में विस्तृत जानकारियां एकत्रित कर रहा है। इससे लगता है कि मानगढ़ धाम के विकास को लेकर प्रधानमंत्री के मन में अवश्य ही कुछ चल रहा है। लेकिन उन्होंने अपनी बात को अभी प्रकट नहीं किया है। हो सकता है कि राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के मंच पर मौजूद होने के कारण प्रधानमंत्री ने किसी तरह की घोषणा नहीं की हो। लेकिन मानगढ़ धाम के विकास से जुड़े महेश शर्मा का मानना है कि आने वाले समय में शीघ्र ही केंद्र सरकार के सहयोग से मानगढ़ धाम का भव्य रूप सबके सामने होगा।

17 नवंबर 1913 को मानगढ़ में भील समुदाय के पंद्रह सौ लोगों पर अंग्रेज सरकार ने गोलियां चला कर मार दिया था। इतिहास में इससे मानगढ़ नरसंहार कहते हैं। लोगों का मानना है कि यह घटना जलियांवाला बाग से भी कहीं बड़ी घटना थी। मगर भील आदिवासियों को मारे जाने के कारण इसकी ज्यादा चर्चा नहीं हो पाई। इसमें बलिदान होने वाले लोग निर्धन बनवासी थे जिनका सामाजिक रूप से उस समय ज्यादा प्रभाव नहीं था।

मानगढ़ धाम के आसपास गुजरात के छह जिलों बनासकांठा, अंबाजी, दाहोद, पंचमहल, छोटा उदयपुर और नर्मदा में आदिवासियों की संख्या सबसे ज्यादा है। गुजरात की कुल जनसंख्या का 15 फीसदी आदिवासी है। वहां 182 विधानसभा सीटों में से 27 सीटों पर आदिवासी आबादी निर्णायक स्थिति में है। इसमें भी भील समुदाय की आबादी अधिक है। 2017 के गुजरात विधानसभा चुनाव में क्षेत्र की 27 सीटों में से भाजपा को सिर्फ 9 सीटें और कांग्रेस को 14 सीटें मिली थी। वही दो सीटें भारतीय ट्राइबल पार्टी ने जीती थी। 2012 के चुनाव में कांग्रेस ने 16 सीटें जीती थी। 2007 के विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस ने 14 सीटें जीती थी। कांग्रेस के प्रभाव को कम करने के लिए ही प्रधानमंत्री ने एन चुनावों के वक्त इस क्षेत्र का दौरा किया है। मानगढ़ धाम से मध्य प्रदेश के नीमच, मंदसौर, रतलाम, जावरा, झाबुआ, उज्जैन, आगर, धार, अलीराजापुर, बढ़वानी जिले लगते हुये हैं। इन जिलों में रहने वाले लोगों की मानगढ़ धाम से गहरी आस्था जुड़ी हुयी है। राजस्थान का तो पूरा आदिवासी क्षेत्र ही मानगढ़ धाम के प्रति आस्थावान रहता है।

केंद्र सरकार को किसी भी तरह की राजनीति में नहीं पड़कर शीघ्रता से मानगढ़ धाम को राष्ट्रीय स्मारक घोषित कर देना चाहिए। ताकि देश के लिए बलिदान होने वाले बहादुर आदिवासी भीलो के इतिहास के बारे में देश-दुनिया जान सके। राष्ट्रीय स्मारक घोषित होने से यह क्षेत्र देश का एक बड़ा पर्यटक स्थल के रूप में भी विकसित होगा। जिससे इस क्षेत्र के लोगों को अधिक मात्रा में रोजगार उपलब्ध हो सकेगा। उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी होगी। केंद्र व राज्य सरकारों को आपसी मतभेद भुलाकर एकजुटता से क्षेत्र का विकास करना चाहिए। ताकि आने वाला समय भील समुदाय के लिए नई सौगातें लेकर आए।

# गरीबी पर भेदभाव क्यों ?

**» सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े समाज की श्रेणी में गरीब सवर्णों को आरक्षण सटीक कदम**

**» सात दशक पहले शुरू हुए इस मूवमेंट की प्रक्रिया पर फिर से समीक्षा कर वर्तमान स्टेटस का संज्ञान लेना ज़रूरी ?**



**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी**
गोंदिया महाराष्ट्र

कुदरत द्वारा रचित इस खूबसूरत सृष्टि में मानवीय योनि की रचना करते समय सृजनकर्ता ने सोचा भी नहीं होगा कि यह बुद्धिजीवी प्राणी इतना आगे बढ़ जाएगा कि अपनों के बीच ही जात पात धार्मिक भेदभाव छुआछूत जैसी अनेकों कुप्रथाओं की स्थिति पैदा करेगा और अपनों में से ही अन्य मानवीय जीवो में बैकवर्ड सवर्ण ट्रांसजेंडर सहित अनेकों वर्गों में बांटते चले जाएंगें और जाति धर्म पर दंगों से लेकर आरक्षण फिर उससे भी चार कदम आगे आरक्षण पर लड़ाई में उलझ कर रह जाएंगे। आज हम इस विषय पर सोचने को मजबूर हो गए हैं कि हम अपने साथ आर्थिक रूप से अति पिछड़े गरीबों को भी क्यों ना मुख्य विकासधारा में लाएं ? क्या उनका कसूर सिर्फ इतना है कि उन्हें आरक्षित क्यों नहीं किया गया ? जैसे उनके प्रश्न आज अनेकों के मन में घूम रहे हैं कि सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े समाज के साथ हमारे गरीब सवर्ण समाज को भी मुख्यधारा में लाना है, जिसके लिए सरकार द्वारा एक रोडमैप लाया गया था, जिसके खिलाफ उच्चतम न्यायालय में अनेकों पिटीशन दाखिल की गई थी जिसपर माननीय उच्चतम न्यायालय ने सुनवाई पूरी कर 27 सितंबर 2022 को फैसला सुरक्षित रख लिया था और अब 7 नवंबर 2022 को 5 जजों की संविधान पीठ ने 5=3 से आर्थिक रूप से पिछड़े (ईडब्ल्यूएस) के लिए शिक्षा और शासकीय सेवाओं में 10 फ़ीसदी आरक्षण के फैसले पर मुहर लगा दी। इसीलिए आज हम इलेक्ट्रॉनिक मिडिया और टीवी चैनलों परआई जानकारी के सहयोग से चर्चा करेंगे कि सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े समाज की श्रेणी में गरीब सवर्णों को आरक्षण सटीक कदम है।

साथियों बात अगर हम इस मामले की करें तो उच्चतम न्यायालय द्वारा शासन द्वारा लाए 103 वें संविधान संशोधन ईडब्ल्यूएस को 10 फ़ीसदी आरक्षण लागू करने के फैसले पर मुहर लगा दी है। जिसका कुछ राजनैतिक वर्ग विरोध कर रहे हैं जिसमें एक बड़ी पार्टी के नेता द्वारा दिए गए बयान को रेखांकित किया जाना समय की मांग है कि क्या गरीब पर भी भेदभाव जरूरी है? आखिर गरीब की हम जात पात क्यों




देखें? अगर गरीब को देश के विकास की मुख्यधारा में लाया जाता है तो उस में हर्ज क्या है ? जैसे अनेकों सवाल लोगों के दिलों में हैं मेरा मानना है कि बिना किसी जात पात के हर वर्ग के गरीब को हाथ से हाथ मिला कर उसको आगे बढ़ाने में हर वर्ग को आगे आना चाहिए।

साथियों बात अगर हम ईडब्ल्यूएस लागू करने की करे तो,ये व्यवस्था 2019 में यानें पिछले लोकसभा चुनाव से ठीक पहले केंद्री सरकार ने लागू की थी और इसके लिए संविधान में 103 वां संशोधन किया गया था। 2019 में लागू किए गए ईडब्ल्यूएस कोटा को तमिलनाडु की सत्तारूढ़ पार्टी समेत कई याचिकाकर्ताओं ने इसे संविधान के खिलाफ बताते हुए अदालत में चुनौती दी थी। आखिरकार, 2022 में संविधान पीठ का गठन हुआ और 13 सितंबर को चीफ जस्टिस यूयू ललित, जस्टिस दिनेश महेश्वरी, जस्टिस रवींद्र भट्ट, जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस जेबी पादरीवाला की संविधान पीठ ने सुनवाई शुरू की। सुप्रीम कोर्ट ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस ) को 10 प्रतिशत आरक्षण देने के केंद्र सरकार के फैसले को बरकरार रखने का फैसला 7 नवंबर 2022 को सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा कि ईडब्ल्यूएस कोटे से संविधान के बुनियादी ढांचे का उल्लंघन नहीं हुआ। संविधान पीठ ने ये फैसला 3-2 से सुनाया है।

कोर्ट में सरकार की ओर से कहा गया कि ईडब्ल्यूएस तबके को समानता का दर्जा दिलाने के लिए ये व्यवस्था जरूरी है. केंद्र सरकार की ओर से कहा गया कि इस व्यवस्था से आरक्षण पा रहे किसी दूसरे वर्ग को नुकसान नहीं है। साथ ही 50 प्रतिशत की जो सीमा कही जा रही है, वो कोई संवैधानक व्यवस्था नहीं है, ये सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले से आया है, तो ऐसा नहीं है कि इसके परे जाकर आरक्षण नहीं दिया जा सकता है।हालांकि इस केस में आरक्षित वर्ग को कोई फर्क नहीं पड़ेगा और सीमा 50 फ़ीसदी ही रहेगी। याचिकाकर्ताओं ने दलील दी थी कि आरक्षण का मकसद सामाजिक भेदभाव झेलने वाले वर्ग का उत्थान था, अगर गरीबी आधार तो उसमें एससी एसटी ओबीसी को भी जगह मिले। ईडब्ल्यूएस कोटा के खिलाफ दलील देते हुए कहा गया कि ये 50 फीसदी आरक्षण की सीमा का उल्लंघन है।

संविधान पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा कि ईडब्ल्यूएस आरक्षण सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए 50 प्रतिशत कोटा को किसी भी रूप में बाधित नहीं करता है। कोर्ट ने कहा कि गरीब सवर्णों को समाज में बराबरी तक लाने के लिए सकारात्मक कार्रवाई के रूप में संशोधन की आवश्यकता थी। टीवी चैनलों के अनुसार जस्टिस माहेश्वरी ने अपने फैसले में कहा कि आरक्षण गैरबराबरी को बराबरी पर लाने का लक्ष्य हासिल करने का एक औजार है। इसके लिए न सिर्फ सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्ग को समाज की मुख्य धारा में शामिल किया जा सकता है बल्कि किसी और कमजोर क्लास को भी शामिल किया जा सकता है। जबकि जस्टिस पारदीवाला- मैं इस संशोधन को बरकरार रखने का फैसला देता हूं। ईडब्ल्यूएस कोटा सही है। मैं जस्टिस माहेश्वरी और जस्टिस त्रिवेदी के फैसले के साथ हूं। हालांकि ईडब्ल्यूए स कोटा अनिश्चितकाल के लिए नहीं बढ़ाना चाहिए। जो लोग आगे बढ़ गए हैं उन्हें बैकवर्ड क्लास से हटाया जाना चाहिए जिससे जरूरतमंदों की मदद की जा सके। बैकवर्ड क्लास तय करने की प्रक्रिया पर फिर से समीक्षा करने की जरूरत है जिससे आज के समय में यह प्रासंगिक रह सके। निहित स्वार्थ के लिए आरक्षण का इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं होनी चाहिए। यह सामाजिक और आर्थिक असमानता को खत्म करने के लिए है। यह मूवमेंट सात दशक पहले शुरू हुआ था और विकास एवं शिक्षा ने इस खाई को पाटने की कोशिश की है।इस फैसले ने अब एक नई लकीर खींच दी है कि सिर्फ सामाजिक और शैक्षिक नहीं, आर्थिक पिछड़ापन भी आरक्षण का आधार होगा। 75 साल के बाद हमें आरक्षण पर फिर से गौर करने की जरूरत है।

सुप्रीम कोर्ट पहले भी सरकार को आरक्षण के लिए समाज के अन्य कमजोर वर्गों की पहचान करने को कह चुका है। उदाहरण के तौर पर अप्रैल 2014 में किन्नरों को लेकर सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले को देखा जा सकता है। तब कोर्ट ने महिला, पुरुष से इतर लिंग की तीसरी श्रेणी ट्रांसजेंडर को मान्यता दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि किन्नरों को सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़ा समुदाय माना जाए और उन्हें नौकरी और शिक्षा के क्षेत्र में आरक्षण दिया जाए। सितंबर 2018 में उत्तराखंड हाई कोर्ट ने भी राज्य सरकार को शिक्षण संस्थाओं और सरकारी नौकरी में किन्नर समुदाय को आरक्षण देने के लिए उचित नियम बनाने को कहा था। बिहार जैसे कुछ राज्य किन्नरों के लिए आरक्षण की व्यवस्था कर चुके हैं। बिहार सरकार ने पुलिस भर्ती में किन्नरों के लिए आरक्षण की व्यवस्था की है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि गरीबी पर भेदभाव क्यों ?सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े समाज की श्रेणी में गरीब सवर्ण को आरक्षण सटीक कदम है। सात दशक पहले शुरू हुए इस मूवमेंट की प्रक्रिया पर फ़िर से समीक्षा कर वर्तमान स्टेटस को संज्ञान में लेना ज़रूरी है।

# विलुप्त होते नैतिक मूल्य,पुरुष समाज की ज्यादती सिर्फ स्त्रियों पर ही क्यों



**संजीव ठाकुर,**
रायपुर छत्तीसगढ़,



अब नैतिक मूल्यों का क्षरण धीरे धीरे तेज होता जा रहा है धन तथा पद की लोलुपता ने सारी हदें पार कर दी हैं भारतीय समाज पुरुष प्रधान होने का यह मतलब कतई नहीं होना चाहिए कि स्त्री ही हर ज्यादती और अत्याचार की शिकार होती रहे।

प्राचीन काल से अब तक स्त्री ही पुरुष तथा समाज के दमन का केंद्र रही हैद्य शिक्षा तथा आर्थिक स्थिति के विकास के बाद भी स्त्रियों की दयनीय स्थिति में बहुत ज्यादा परिवर्तन नहीं आया है देश की आबादी की 45त्न आबादी महिलाओं की है पर अभी तक स्त्रियों की स्थिति में बहुत ज्यादा परिवर्तन परिलक्षित नहीं हुआ है,यह एक चिंतनीय समाजिक समस्या हमारे सामने ज्वलंत खड़ी है

भारतीय समाज की विशेषता है कि यह क्रमिक रूप से बाहरी मूल्यों को अपनाते हुए आगे बढ़ रहा है जिसके फलस्वरूप आज समाज विभिन्न संस्कृतियों, सभ्यताओं तथा मूल्यों का अद्भुत समूह बन गया, यूं कहें कि अलग-अलग सभ्यताओं के पुष्पों का एक रंग बिरंगा गुलदस्ता ही बन गया है वही सभ्यताओं के आत्मसात करने के परिणाम स्वरूप पाश्चात्य सभ्यता से हिंदुस्तानी समाज में बड़ी विसंगतियां जन्म लेने लगी है। सभ्यताएं तो आई लेकिन अपनी बुराइयों को भी लेकर आई हैं। इससे भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों का अवमूल्यन सी हुआ है। और इसके अलावा पाश्चात्य सभ्यता ने खुलेपन आमंत्रित कर युवाओं तथा पुरुषों के मन में वासनात्मक कुंठा को जन्म दिया है। जिसके कारण महिलाओं पर यौन हिंसा की घटनाएं बढ़ती जा रही है। आज भारतीय समाज निश्चित तौर पर परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है और यही वजह है कि पाश्चात्य सांस्कृतिक प्रवृतियों मानसिक भावनाओं को संक्रमित कर कुंठा को जन्म दिया है। यही कारण है कि मानसिक संक्रमण से भारतीय समाज पाश्चात्य सभ्यता का अंधा अनुसरण कर रहा है जिसके कारण मानवीय मूल्यों में नैतिक स्खलन स्पष्ट दिखाई देने लगा और इस नैतिक गिरावट से हिंसा में काफी वृद्धि हुई है। पाश्चात्य सभ्यता के दुष्प्रभाव में सबसे गहरा दुष्प्रभाव यौन हिंसा के प्रचार प्रसार का है।

पुरुष समाज की मानसिकता है की पुरुष होने के कारण उन्हें कुछ चीजों का हक नैसर्गिक रूप से प्राप्त है जैसे कि अच्छी पत्नी और संतान में बेटों की प्राप्ति, कोई भी पुरुष अपनी आने वाली पीढ़ी में पुत्री नहीं चाहता है जबकि पुत्र पुत्री एक समान ही होते हैं बल्कि जो मायूस होकर पुत्री जन्म का दुख मनाते हैं उन्हें वर्तमान में पीएससी और यूपीएससी की रिजल्ट लिस्ट देखनी चाहिए इसमें बालिकाओं ने बहुत अच्छे अंको से परीक्षा पास कर समाज में उनकी अहम भूमिका को सार्थक किया है। वर्तमान समाज में परंपरागत रूप से पुरुषों को ऐसा करते देख उसकी आने वाली पीढ़ी भी अपने महिला संगिनी से दुर्व्यवहार और हिंसा करने से नहीं चूकता है। पुरुष की कुंठा इस कदर बढ़ चुकी है कि वह किसी सुंदर स्त्री को देखकर यह चाहने लगता है कि वह स्त्री उसकी अंक शायनी हो जाए और यदि स्त्री उसके विमुख होती है तो वह उस पर बलात नियंत्रण करने की कोशिश में यौन अपराध की ओर उन्मुख हो जाता है। अपरिपक्व उम्र से ही किशोरावस्था के युवक सेक्सुअल हिंसा के प्रति उन्मुख होने लगे हैं हमें इसकी असली वजह तथा कारण को समझना होगा मोबाइल का इंटरनेट कंप्यूटर लैपटॉप ने इस विकृत संस्कृति को एक खुला आकाश दे दिया है समाज में बढ़ती योन अपराधिक हिंसा के मुख्य कारणों में से एक इंटरनेट मोबाइल और लैपटॉप का घर घर उपलब्ध होना ही है। मानसिक रूप से अपरिपक्व को बच्चों के पास मोबाइल तथा लैपटॉप तथा इंटरनेट आ चुका है और उससे वह वह वासनात्मक कहानियां, चित्र और फिल्में देखकर युवतियों तथा छोटी-छोटी बच्चियों पर यौन अपराध करने से नहीं चूकते और यही वजह है कि भारतीय संस्कृति विकृत होकर युवकों द्वारा बड़ी संख्या में यौन अपराध किए जा रहे हैं। जिसके कारण महिलाओं की भावना तथा आत्म सम्मान में गिरावट आकर आत्महत्या तक के परिणाम सामने आने लगे हैं। आंकड़ों में यदि जाएं तो 2020 में लगभग 40,000 बलात्कार के मामले हिंदुस्तान में सामने आए हैं जिनमें 18 साल से कम आयु की लड़कियों की संख्या 16800 की और सबसे खतरनाक तथा विवाद,वीभस्त आंकड़ा जो है वह 6 साल से कम उम्र की लड़कियों के साथ बलात्कार की घटना के लगभग 600 मामले सामने आए हैं। यौन हिंसा के अलावा बच्चियों, युवतियों तथा महिलाओं द्वारा युवाओं द्वारा दिए गए प्रणय निवेदन तो ठुकरा दिए जाने के बाद तेजाब फेंकने की घटनाएं तीव्रता से बड़ी हैं 2010 से लेकर 2020 तक महिलाओं पर तेजाब फेंकने की 1208 घटनाएं विभिन्न जगहों में संबंधित थानों में पंजीकृत हुई है। माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा प्रशासन को एसिड की खरीदी बिक्री पर रोक लगाने के आदेश भी दिए गए, पर आज भी पूरे देश में तेजाब की बिक्री खुलेआम हो रही है। तेजाब पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। इसके अलावा इंटरनेट मोबाइल पर भी प्रभावी नियंत्रण आवश्यक है इस पर भी एक उम्र की सीमा से ऊपर के लोगों को इस्तेमाल करने की अनुमति दी जानी चाहिए। भारत में महिलाओं और लड़कियों की सुरक्षा के प्रति लोगों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक किया जा कर एक अभियान चलाकर इसे योजनाबद्ध तरीके से कानून की मदद से हिंदुस्तान भर में विस्तारित किया जाना चाहिए। इसी तरह कन्या भ्रूण हत्या को भी समूल नष्ट करने का अभियान चलाकर एक प्रभावी योजना तैयार की जानी चाहिए। भारतीय संस्कृति के प्रचार प्रसार के साथ शासकीय योजनाओं को भी यौन हिंसा प्रताड़ना के खिलाफ आमजन को शिक्षित और जागरूक कर पाश्चात्य सभ्यता को ना अपनाने हेतु प्रेरित करना चाहिए।

## नव साहित्यकारों ऐसे लिखो



**वीना आडवाणी तन्वी**
नागपुर,महाराष्ट्र

बहुत से युवा
साहित्यकार बनना चाहते
क्या लिखें ? यही सोच
ये उलझ ही जाते।।
आओ बैठो खुद का ही
अनुभव हम बताते
बातों ही बातों में
सुनो जरा हम समझाते।।
आज क्या हुआ
दिन भर उसे सोच जाते
दिनचर्या को अपना
विषय समझ मुस्काते
सोच नित दिनचर्या को ही
कलम चलाते
देखो शब्द खुद ब खुद
हमारा साथ निभाते।।
आसमां देखा तो
काग़ज़ पर आसमां सजाते
चांद देखा तो
महबूब कि तुलना कर जाते
सितारे देखे तो
काल्पनिक में तोड़े ही लाते।।
पति कभी ना सुने मेरी
तो दर्द लिख जाते
पति प्रेम सम्मान दिए
श्रृंगार रस सजाते
काम बहुत घर में
व्यस्तता सबको बताते
शब्दों का खेल हे
साहित्य समझ बताते।।
नवयुवाओं आर्थिक
कमाई नहीं बतलाते
शौकिया तौर मेरा लिख
खुद को खुश कर जाते
उम्मीद वाहवाही कि
बस सबसे लगाते
ढ़ेला कई बार तो
अपनी जेब से भर जाते।।

## गंतव्य पथ



**चन्द्रकांत खुंटे क्रांति**
जाँजगीर-चांपा (छत्तीसगढ़)

चलना होना निकलना होगा
गंतव्य पथ में बढ़ना होगा
चल-चल निकल,आगे बढ़
तू किसे ढूँढ रहा बाजार में?
अंदर से ला सहारा है।
मत सोंच दरिया में क्या होगा?
साहस वाले ही पाते किनारा है।
अभी लाभ-हानि का फिक्र मतकर
लक्षित पथ में बढ़ता चल
जग में वही जीता है
जो सबसे पहले हारा है।
कर्म का फल सदैव मीठा होता है
अकर्मण्यता का खट्टा-खारा है।
धूप-शीतल आँधी-तूफ़ाँ भी मिलेंगे
हर ऋतुओं में बदलता पारा है।
कभी कीचड़ कभी ठंडी-गर्मी मिलेंगे
समस्याओं की यह धरा धारा है।
सुख की डगरी कही नही है
जिसमे तू चल रहा
उसी में मिलेगा-चमकेगा सितारा है।।

## पंख



**राजेन्द्र लाहिरी**
पामगढ़ छत्तीसगढ़

हौसले की उड़ान लिए होता है पंख,
कुछ बढ़ेंगे तो कभी कटेंगे,
बढ़ना तो तय है
पर ध्यान रखना होगा कि
कटने की नौबत न आये,
उड़ान भरते सफर में
कभी तेज हिचकोले न खाये,
जिंदगी की भागदौड़ के साथ
राह में अड़चनें भी आएंगी,
डगर कष्टों भरा भी हो सकता है
तो कभी बहारें गीत गायेगी,
सदियों से चील व बाज
अपनी आदतानुसार झपट्टे मारते आये हैं,
आगे भी तत्पर रहेंगे,
तुम्हारी ऊंची उड़ान बिल्कुल न सहेंगे,
दिखावे खातिर धारा संग बहेंगे,
पग पग में कटु वचन कहेंगे,
शातिर पक्षी हमेशा ताक में होंगे,
तुम्हें गिराने, नेस्तनाबूद करने
फ़िराक में होंगे,
उनसे हर हाल में बचना होगा,
उनकी गर्मी शांत करने को
निश्चित रूप से इतिहास रचना होगा,
याद रखना,
पूरे कौम की नजर तुम पर ही है।

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# मेडिकल कॉलेज अस्पताल के ऑक्सीजन प्लांट में आई खराबी

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 09 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।



पिछले 6 महीने से मेडिकल कॉलेज अस्पताल का 3 आक्सीजन प्लांट खराब है। कोविड के समय गंभीरता को देखते हुए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चार ऑक्सिजन प्लांट का निर्माण कराया गया था। हालांकि विशेष परिस्थिति के लिए जंबो सिलेंडर का सहारा लेना पड़ रहा है। जंबो सिलेंडर से मरीजों को ऑक्सिजन मिल रहा है। तीनों ऑक्सिजन प्लांट में अलग-अलग खराबी बताए जा रहे हैं। हालांकि मेडिकल कॉलेज अस्पताल अधीक्षक डॉ. लखन सिंह का कहना है कि ऑक्सिजन की कमी नहीं है। मात्र एक ऑक्सिजन प्लांट खराब है।

स्वस्थ्य मंत्री टीएस इक्षसहदेव के पहल पर अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के लिए एक नहीं बिल्क चार ऑक्सिजन जेनरेट प्लांट का निर्माण कराया गया है। जिससे मरीजों को बेड पर ही 24 घंटे आवश्यकता पडने़ पर ऑक्सिजन मिल सके। कोविड-19 के लिए सुरक्षा कवच के रुप में प्राप्त मेडिकल कॉलेज अस्पताल का आक्सीजन प्लांट चार में से तीन खराब है हो चुके हैं। वह भी पिछले 6 महीने से। एमसीएच के बगल में मात्र एक ऑक्सिजन प्लांट चल रहा है। कोविड से पूर्व मेडिकल कॉलेज अस्पताल जंबो सिलेंडर पर निर्भर था। जंबो सिलेंडर से ही मरीजों को ऑक्सिजन मिल पाता था। इसके लिए सूरजपुर स्थित प्लांट से सिलेंटर मंगाए जाते थे। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चार प्लांट के निर्माण होने के बाद सिलेंडर की सप्लाई बंद हो गई थी। पर चार में से तीन प्लांट में खराबी आने के कारण पुनः जंबो सिलेंटर से काम लिया जा रहा है। नाम नहीं छापने की शर्त पर प्लांट का ही एक कर्मचारी ने बताया कि पिछ्ले 6 महीने से एक के बाद एक तीन प्लांट में खराबी आई है। इसकी जानकारी संबंधित अधिकारी को दे दी गई है। इसके बावजूद भी कोई ठोस पहल नहीं उठाया गया है। जंबो सिलेंडर से काम चल रहा है। प्रति दिन एक निजी कंपनी द्वारा सप्लाई की जा रही है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में संभाग सहित आस पास के दूसरे राज्यों से भी इलाज कराने मरीज पहुंचते हैं। लगभग चार आईसीयू वार्ड है। सभी वार्ड, आईसीयू व अन्य आपातकालीन कक्ष में सेंट्रलाइज ऑक्सिन बनाए गए हैं। पर प्लांट में खराब आने के कारण जंबो सिलेंडर से काम लिया जा रहा है। प्रति दिन 100 से अधिक जंबो सिलेंडर की खपत है।



## छात्राओं के बीच साइकिल का किया गया वितरण

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 09 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल खैरबार में नवमी कक्षा की छात्राओं को साइकिल का वितरण जिला पंचायत सदस्य एवं कांग्रेस जिला अध्यक्ष राकेश गुप्ता के मुख्य अतिथि, शाला विकास समिति अध्यक्ष अर्चना दीक्षित की अध्यक्षता में किया गया। विशिष्ट अतिथि सरपंच बसन्ती मिंज, विधायक प्रतिनिधि सैय्यद अख्तर हुसैन, जिला प्रवक्ता आशीष वर्मा थे।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिपं सदस्य राकेश गुप्ता ने कहा सरकार शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। साइकिल मिलने से छात्राओं को घर से स्कूल आने में सुविधा होगी। स्वस्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव की पहल पर विद्यालय में अतिरिक्त कक्ष, साइकिल स्टैंड, शेड सुन्दरीकरण सहित कई कार्य हुए हैं। विगत एक वर्ष में ही इस विद्यालय में 16 लाख से अधिक राशि का काम हुआ है। जिपं उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव के प्रयास से प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए आवासीय कोचिंग सेंटर खोला गया है। शाला विकास समिति अध्यक्ष अर्चना दीक्षित छात्र-छत्राओं की शत प्रतिशत उपस्थिति पर बल दिया। उन्होंने कहा कि अब आपकी पढ़ाई आपके भविष्य की दिशा तय करेगी इसलिए रोज स्कूल आना और मन लगाकर पढना़ जरूरी है। इस दौरान सरपंच बसन्ती मिंज ने भी अपनी बात रखी। आभार प्रदर्शन प्राचार्य शबनम मंसूरी ने किया। इस अवसर पर उप सरपंच अदीप, बाबू सोनी कृष्णा यादव, विनोद ठाकुर, धर्मसाय व स्कूल के स्टाफ व अभिभावक उपस्थित थे।

## थर्ड जेंडर जागरूकता पर सरगुजा पुलिस द्वारा किया गया कार्यशाला का आयोजन

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 09 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

आईजी अजय यादव के सतत मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में बुधवार को पुलिस कोऑर्डिनेशन सेंटर में तृतीय लिंग कल्याण बोर्ड अंतर्गत विशेषज्ञ सदस्यों की उपस्थिति में थर्ड जेंडर जागरूकता पर अधिकारों व संरक्षण विषय पर सरगुजा पुलिस द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा समाज में तृतीय लिंग व्यक्ति के प्रति सामाजिक न्याय एवं कानूनी व्यवस्था के बारे में संक्षेप में जानकारी दी एवं सरगुजा पुलिस द्वारा तृतीय लिंग समुदाय के नागरिकों को सरगुजा पुलिस की सामुदायिक पुलिसिंग के जरिए लाभान्वित करने की योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई, एवं तृतीय लिंग समुदाय द्वारा प्रगतिशील समाज के निर्माण में अपनी विशेष भूमिका निभाने की जानकारी दी गई।



## महिला कल्याण केंद्र के जरिए पुलिस परिवार की महिलाएं हो रहीं सशक्त

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 09 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

आईजी अजय यादव के मार्गदर्शन में एसपी भावना गुप्ता द्वारा पुलिस महिला कल्याण केंद्र का निरीक्षण कर महिला सिलाई कार्यकर्ताओं का पारिश्रमिक राशि का भुगतान किया गया। परिश्रमिक राशि के भुगतान होने पर महिला सिलाई कार्यकर्ताओं में काफी उत्साहित दिखे। इस दौरान 5 लाख 74 हजार 790 रुपए राशि का भुगतान किया गया। इस दौरान एसपी भावना गुप्ता ने कहा कि महिला कल्याण केंद्र के जरिए पुलिस परिवार की महिलाएं आज सशक्त हो रही हैं, और अपने घर परिवार को पारिश्रमिक राशि द्वारा सहायता देने की मुख्य भूमिका निभा रही हैं। इस दौरान महिला सिलाई कार्यकर्ताओं से कार्य के दौरान आने वाली परेशानियों को साझा किया गया एवं रक्षित निरीक्षक अंबिकापुर को परेशानियों का निराकरण करने निर्देशित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, नगर पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण अखिलेश कौशिक, उप पुलिस अधीक्षक इमानुएल लकड़ा, रक्षित निरीक्षक जयराम चेरमाको, पुलिस महिला कल्याण केंद्र की महिला कार्यकर्ता एवं पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई, दो युवक की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 09 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

मेला देख कर एक बाइक में सवार होकर तीन युवक घर लौट रहे थे। रास्ते में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरे युवक को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। यहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जबकि तीसरे युवक को मामूली चोट आई है। जानकारी के अनुसार अनिल पाव पिता जगत पाव उम्र 22 वर्ष ग्राम भगता थाना बिजुरी एमपी का रहने वाला था। वह 8 नवंबर को अपने साथी विरेद्र पाव व संजय के साथ बाइक से मेला देखने ग्राम सिरोली गया था। वापस आने के दौरान रात हो गया और रास्ते में ग्राम पिपरिया के पास बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। दुर्घटना में विरेन्द्र की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि गंभीर रूप से घायल अनिल को इलाज के लिए मनेन्द्रगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जबकि संयज को मामूली चोट आई थी।

## 1 लाख 74 हजार से अधिक लोगों को मिला एमएमयू से निःशुल्क ईलाज

### रीना को कॉलेज कैम्पस मे ही मिल गया उपचार की सुविधा

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 09 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।



मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के माध्यम से जिले के शहरी क्षेत्रों में निःशुल्क कैम्प लगाकर मोबाईल मेडिकल यूनिट के द्वारा स्वास्थ्य जांच किया जा रहा है। शहरी क्षेत्रों में 9 नवम्बर तक कुल 2405 कैम्प लगाकर 1 लाख 74 हजार लोगों का निःशुल्क ईलाज किया गया है। इनमें से कुल 1 लाख 22 हजार लोगों को निःशुल्क दवा का वितरण, 34 हजार 658 लोगों का निःशुल्क लैब टेस्ट किया गया तथा 10 हजार 898 लोगों का श्रम कार्ड कैम्प के माध्यम से बनाया गया है।



बुधवार को राजमोहिनी देवी शासकीय कन्या महाविद्यालय अम्बिकापुर की छात्रा रीना लहरे ने कॉलेज कैम्पस में लगाए गए शिविर में स्वास्थ्य जांच के लिये एमएमयू पहुंची। उनका स्वास्थ्य जांच कर दवा दिया गया। रीना ने कहा कि मेरा तबियत ठीक नहीं था। कॉलेज कैम्पस में लगाए गए शिविर में एमएमयू में डॉक्टरों के द्वारा स्वास्थ्य जांच कर दवा दिया गया। कैम्पस में ही निःशुल्क ईलाज मिलने से किसी अन्य क्लिनिक जाने की जरूरत नहीं पडी। इस तरह के निःशुल्क कैम्प लगाने के लिए मैं सरकार को धन्यवाद देती हूँ।

नगर निगम के आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगई ने बताया कि मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत जिले में कुल 5 मोबाइल मेडिकल यूनिट के द्वारा प्रतिदिन निःशुल्क स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवा प्रदान की जा रही है। पांचों एमएमयू में प्रतिदिन औसतन 100 लोगों का स्वास्थ्य जांच सह उपचार किया जाता है। एमएमयू का संचालन चिन्हांकित स्लम एरिया में प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया जाता है। इसमें कुल 41 प्रकार के स्वास्थ्य जांच के लिए लैब की सुविधा उपलब्ध है जहाँ पर निःशुल्क लैब टेस्ट कर तत्काल रिपोर्ट प्रदान किया जाता है।



## 2 मिनट मौन धारण कर दिवंगत सहायक ग्रेड-2 को दी गई श्रद्धांजलि

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 09 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार की उपस्थिति में बुधवार को कलेक्टोरेट परिसर में अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत सहायक ग्रेड-2 स्व आर.डी. चंद्राकर को श्रद्धांजलि दी गई।

तहसील कार्यालय अम्बिकापुर में पदस्थ सहायक ग्रेड-2 स्व आर.डी. चंद्राकर का निधन बैंगलोर के अस्पताल में उपचार के दौरान बुधवार को हो गया। श्री चंद्राकर अगले माह सेवा निवृत्त होने वाले थे।

कलेक्टर ने स्व श्री चंद्राकर से संबंधित सभी देताओं का जल्द से जल्द निराकृत करने तथा अनुकम्पा नियुक्ति की प्रक्रिया को भी शीघ्रता से शुरू करने के निर्देश दिये।

## एसपी ने स्टार लगाकर 17 प्रधान आरक्षकों को एएसआई के पद पर किया पदोन्नत

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 09 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

सरगुजा जिले के 17 प्रधान आरक्षक सहायक उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए हैं। जिन्हें एसपी भावना गुप्ता द्वारा कंधे पर स्टार लगाकर पदोन्नति दी गई है। प्रधान आरक्षकों की पदोन्नति को लेकर एसपी ने बताया कि जिले के 17 प्रधान आरक्षकों का सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया है। जिसमें से तीन पदोन्नत उप निरीक्षक जिले में पदस्थ किए गए हैं। शेष अन्य को आईजी के निर्देश पर संभाग के विभिन्न जिलों पर पदस्थ किया गया है। पदोन्नत हुए सभी पुलिस कर्मचारियों को बेहतर कार्य करने और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं जिले के एसपी भावना गुप्ता ने दी है।



## घर की पुताई करने के दौरान जेवरात चोरी करने वाला आरोपी मजदूर गिरफ्तार

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 09 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

घर में काम करने के दौरान अलमारी से सोने की चेन और तब चोरी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार करने में कोतवाली पुलिस को सफलता हाथ लगी है, पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी का सामान बरामद कर लिया है मामले की जानकारी देते हुए कोतवाली थाना प्रभारी रुपेश नारंग ने बताया की कोतवाली थाना क्षेत्र के पैलेस रोड में रहने वाले पवन मित्तल ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके घर की अलमारी में रखा सोने का चैन और कान का टॉप को अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया है पुलिस मामले की जांच कर रही थी इसी दौरान पुलिस को पता चला कि प्रार्थी के घर में 4 से 8 नवंबर के बीच घर में पुट्टी का कार्य किया गया है, जिसमें दरिमा क्षेत्र के रहने वाले ओम प्रकाश राजवाड़े सहित उनके साथियों ने पुट्टी का काम किया था इस पूरे घटनाक्रम में ओमप्रकाश राजवाड़े की भूमिका



संदिग्ध पाए जाने पर ओमप्रकाश रजवाड़ी को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है आरोपी के पास से चोरी का सामान बरामद करते हुए कोतवाली पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए युवाओं की सहभागिता जरूरी:कलेक्टर

## » कन्या महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 09 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन राजमोहनी देवी शासकीय कन्या महाविद्यालय अम्बिकापुर में हुआ। इस अवसर पर नए मतदाताओं को वोटर आईडी कार्ड एवं एपिक कार्ड बनवाने तथा अनिवार्य रूप से मतदान करने जागरूक किया गया। इसके साथ ही शत प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के आयोजित क्विज प्रतियोगिता में सही जवाब देने वाले छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किया गया।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है जहां अपना प्रतिनिधि चुनने का अधिकार जनता के पास है। लोकतंत्र तभी मजबूत होगा जब शत-प्रतिशत मतदान होगा जिसके लिए युवाओं की सहभागिता बहुत जरूरी है। भले ही लोकतंत्र एक छोटा सा शब्द है लेकिन इसका महत्व विशाल है। लोकतंत्र में लोग निर्णय लेते है कि उनका प्रतिनिधि कौन होगा। एक-एक वोट मूल्यवान है। उन्होंने कहा कि शिक्षा लोगों को विवेकशील बनाता है जिससे सही निर्णय ले सकते है और अपने मताधिकार का भी सही ढंग से प्रयोग कर सकते हैं। आज महिलायें हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। समाज का नज़रिया भी बदला है और बेटियों को आगे बढ़ाने में सहयोग कर रहा है। इस दौरान उन्होंने छात्राओं से सीधा संवाद करते हुए भविष्य की योजनाओं तथा मताधिकार के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां साझा किया।

नगर निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगई ने कहा कि जिस विषय में रुचि हो उसी को कैरियर बनाये। मेहनत सबसे जरूरी है। लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मतदाता सूची में नाम जुड़वाएँ और स्वयं मतदान करने के साथ दूसरों को भी प्रेरित करें।

स्वीप के नोडल अधिकारी श्री गिरीश गुप्ता ने बताया कि 1 जनवरी 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं के लिए मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए 9 नवम्बर 2023 से 8 दिसंबर 2023 तक विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान सभी मतदान केंद्रों में अभिहीत अधिकारी या बूथ लेवल अधिकारी से संपर्क कर अपना नाम जुड़वा सकते हैं।

इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री टीसी अग्रवाल, प्राचार्य डॉ ज्योति सिन्हा, प्राध्यापक श्रीमती सुषमा भगत, जिला आइकॉन श्री संजय सुरीला, तमन्ना जायसवाल सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थीं।

# 4 साल बाद जागा पटना मंडल,क्या दो भीष्मपितामह को जगाने के लिए ?

## पटना के दो वरिष्ठ भाजपाई क्या भाजपा के लिए जाग रहे हैं या एक युवा से द्वेष साधने के लिए जागने का ढोंग कर रहे ?

» चार साल बाद भाजपा पटना मंडल दिख रही सक्रिय,गायत्री मंदिर परिसर में जिलाध्यक्ष का हुआ स्वागत।

» भाजपा मंडल पटना के सभी भाजपाइयों को किया गया याद, सभी ने जुटकर कार्यक्रम को बनाया सफल।

» चुनाव करीब आते ही दिख रही सक्रियता, 2023 में है विधानसभा चुनाव।

» भाजपा मंडल पटना के दो भीष्म पितामह को भी जाग्रत करने हुई बैठक, सूत्र।

» भाजपा पटना मंडल के वर्तमान अध्यक्ष नहीं हैं उतना सक्रिय जितना पूर्व के अध्यक्ष थे सक्रिय।





- रवि सिंह -
बैकुण्ठपुर 9 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

भारतीय जनता पार्टी के लिए पटना मंडल शुरू से ही खास रहा है इसके पहले जिन्हें जिन्हें मंडल की जवाबदारी मिली उन्होंने बखूबी निभाया और अच्छी तरीके से मंडल को चलाएं पर इस बार जिसके कंधे पर मंडल की जिम्मेदारी है वह कहीं न कहीं उस तरीके से नहीं चला पा रहे जैसा पहले के मंडल अध्यक्षों ने चलाया था, सत्ता से बाहर हुई भाजपा के सत्ता से बाहर होने के 4 साल के दौरान मंडल पटना को कमजोर ही पाया गया, लंबे अरसे बाद मंडल पटना में मंडल का कार्यक्रम आयोजित हुआ पर यह आयोजन भी दो नेताओं के इशारे पर आयोजित हुआ और उसका स्थल का चयन भी उन्हीं के मर्जी से किया गया, जबकि हर बार मंडल कार्यक्रम ग्राउंड मैदान पर बने दुर्गा पंडाल 108 में आयोजित होता था, इस बार ऐसा क्या हुआ की कार्यक्रम को गायत्री मंदिर परिसर में आयोजित किया गया? इसे भी कहीं ना कहीं कार्यक्रम एक गरिमा को लेकर सवाल उठे खड़े हुए।

भाजपा चुनाव समीप आते ही सक्रिय हो रही है और लगातार बैठकें कर अपनी सक्रियता जता रही है वहीं अपने कार्यकर्ताओं को भी जगाने का प्रयास कर रही है जो लगातार देखने को मिल रहा है। इसी तारतम्य में भाजपा पटना मंडल की भी बैठक गायत्री मंदिर परिसर पटना में आयोजित हुई जिसमें पुनः जिलाध्यक्ष कोरिया चुने जाने पर कृष्णबिहारी जायसवाल का स्वागत पटना मण्डल के कार्यकर्ताओं ने किया।भाजपा पटना मंडल विधानसभा चुनावों के नजरिए से भाजपा के लिए महत्वपूर्ण मंडल है जिसमे शामिल ग्रामों से भाजपा को पर्याप्त मत समर्थन प्राप्त होता है। पटना भाजपा मंडल की बैठक जो अयोजित हुई उसे लेकर यही माना जा रहा है कि मंडल अंतर्गत भाजपा को चुनाव पूर्व इस कदर मजबूत किया जाए जिससे चुनाव में आसानी से भाजपा को जनमत प्राप्त हो सके और विधानसभा में उनकी जीत सुनिश्चित हो सके। पटना भाजपा मंडल में वैसे तो भाजपा के कई कद्दावर नेता मौजूद हैं लेकिन यदि मुख्य रूप से बड़े कद के नेताओं की यदि बात की जाए तो ऐसे दो नेता ही पटना भाजपा मंडल अंतर्गत आते हैं जिन्हें भीष्म पितामह भी पार्टी का क्षेत्र में कहा जाता है। इन्ही दो भीष्म पितामह की मंशानुरूप इसबार पटना मंडल भाजपा की बैठक हुई जो सूत्र बताते हैं।

### क्या एक युवा को पार्टी से बाहर करने की शर्त पर बैठक में शामिल हुए भीष्म पितामह ?

बताया जाता है कि दोनों विगत दिनों से कुछ कारणों से पार्टी से दूरी बनाकर चल रहे थे और उन्हें ही पुनः मनाने और मानकर साथ लेकर चलने के लिए बैठक आहूत हुई जो उन्हीं की मंशानुरूप गायत्री मंदिर परिसर में अयोजित हुई जो पहले दुर्गा पूजा पंडाल में आयोजित हुआ करती थी। बताया यह भी जा रहा है कि भाजपा पटना मंडल के दो भीष्म पितामह पार्टी में ही शामिल एक युवा भाजपाई जो पटना के ही निवासी हैं से परेशान थे और उसे पार्टी से बाहर करने की शर्त पर ही उन्होंने पार्टी की बैठकों में जाना तय किया और बैठक में शामिल हुए। युवा भाजपाई लगातार दोनों नेताओं के विरुद्ध आरोप लगाते आये हैं और आरोपों की वजह से दोनों का युवा नेता सहित पार्टी के ही वरिष्ठ नेताओं से दूरी बनती जा रही थी जो युवा नेता को भाजपा में शामिल रखने को लेकर नाराजगी थी। अब युवा नेता को पार्टी से बाहर निकाला जा रहा है जो सूत्रों से पता चल रहा है और इसकी पटकथा भी अयोजित बैठक में ही रखी गई जो सूत्रों का कहना है। वैसे जिन दो भीष्म पितामह कहे जाने वाले भाजपा नेताओं की बात की जा रही है उनकी भाजपा पटना मंडल के अन्य युवा नेताओं से भी नहीं जमती और युवा नेता लगातार इनसे दूरी बनाकर चलते हैं जो देखने को भी मिलता है। युवा नेताओं ने अक्सर इन दोनों नेताओं को लेकर सकारात्मक रुख अख्तियार नहीं किया है और यह भी वजह रही जो पटना मंडल में भाजपा कहीं न कहीं कमजोर हुई।

### भाजपा के वर्तमान मंडल अध्यक्ष से अच्छा पूर्व मंडल अध्यक्ष का कार्यकाल रहा-

वैसे वर्तमान मंडल अध्यक्ष भाजपा मंडल पटना की बात की जाए तो उनकी भी सक्रियता काफी कम है और अब तक के सबसे कमजोर मंडल अध्यक्षों में उनकी गिनती होती है और माना जाता है इसके पहले के अध्यक्ष अपेक्षाकृत इनसे काफी सक्रिय पर्व अध्यक्ष साबित हुए। वर्तमान मंडल अध्यक्ष के कार्यकाल में पटना मंडल में पार्टी की गतिविधियां और पार्टी का आयोजन बिल्कुल देखने को नही मिला वहीं विरोध प्रदर्शनों में भी इनका प्रदर्शन कमजोर रहा ऐसा माना जाता है,कुल मिलाकर अब जब पार्टी सक्रिय हो रही है और प्रदेश से भी सक्रिय रहकर आगामी चुनावों के लिए कमर कसने की बात कही गई है ऐसे में सक्रियता नजर आना कोई आश्चर्य की बात नहीं लेकिन एक बात जरूर है कि पार्टी के अंदर अभी भी सभी कुछ सामान्य है पटना मंडल अंतर्गत लगता नहीं है।



## पिकअप ने बाइक सवार को मारी जोरदार टक्कर,घटनास्थल पर ही युवक की हुई मौत

- संवाददाता -
कोरबा, 09 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

कोरबा जिले में बालको थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन की टक्कर से बाइक सवार शख्स की मौत हो गई। जामबहार पेट्रोल पंप के पास पिकअप ने बाइक सवार श्याम लाल (45 वर्ष) को अपनी चपेट में लिया। डायल 112 की मदद से उसे जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उरगा थाना क्षेत्र के ढोढ़ी तराई में रहने वाले श्याम लाल बालको की एक निजी कंपनी में काम करते थे। उनकी नाइट शिफ्ट चल रही थी। मंगलवार को वे अपनी नाइट शिफ्ट करके सहकर्मी के घर जामबहार गए हुए थे। मृतक श्यामलाल की पत्नी वृंदा ने बताया कि कल दोपहर सड़क हादसे में पति के गंभीर रूप से घायल होने की खबर मिली थी। जब वे आनन-फानन में जिला अस्पताल पहुंची, तो पति की मौत की खबर मिली। मौत की सूचना के बाद बाकी के रिश्तेदार भी जिला अस्पताल पहुंचे। पत्नी ने बताया कि शादी के कुछ साल बाद से वो अपने पति और दो बच्चों के साथ बालको बस्ती में शिफ्ट हो गए थे। उसका मायका भी बालको बस्ती ही है। पत्नी वृंदा ने बताया कि उनके दो बेटे हैं, जिसमें से बड़ा बेटा परदेशी लाल (25 वर्ष) और छोटा बेटा रूप लाल (15 वर्ष) है। अभी दोनों पढ़ाई कर रहे हैं और उनके पति ही घर में एकमात्र कमाने वाले थे। बालको थाना प्रभारी मनीष नागर ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है। आरोपी पिकअप चालक को भी गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इधर गुस्साए लोगों ने आरोप लगाया कि लगातार सड़क हादसों में लोग अपनी जान गंवा रहे हैं, लेकिन पुलिस-प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठा है। तेज रफ्तार वाहनों पर भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

## कोरबा से जनकपुर घरेलू गैस सिलेंडर लेकर आ रहा ट्रक ग्राम मसौरा अनियंत्रित होकर पलट गया



एमसीबी जिले के दुरस्त वनांचल वनांचल क्षेत्र तहसील भरतपुर के अंतर्गत

ईस्नु प्रसाद यादव
संवाददाता मनेंद्रगढ़ , 09 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

ग्राम मसौरा के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। गनीमत रही कि दुर्घटना मे चालक घायल होने से बाल बाल बच गया। ट्रक मे गैस सिलेंडर भरे हुये थे। बुधवार को कोरबा डिपो से ट्रक घरेलू गैस के सिलेंडर भर जनकपुर आ रहा था रास्ते मे मसौरा रोड पीली माटी के पास ट्रक सामने से आ रहे स्कूल बस को बचाने के चक्कर में चालक ने जैसे ही ट्रक के पटरी से नीचे उतरते ही चालक ट्रक से अपना नियंत्रण खो दिया जिसे ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गई । गैस सिलेंडर से भरा ट्रक पलटने की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची, ट्रक पलटने की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ लग गयी।

## प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना के तहत 117 गर्भवती महिलाओं का हुआ जांच

- संवाददाता -
लखनपुर, 09 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना के तहत प्रत्येक माह को 9 तारीख को लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गर्भवती महिलाओं का निशुल्क जांच कर उचित परामर्श देते हुए दवा का वितरण किया जाता है।खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर पीएस मार्को ब्रश्च्रह श्रीमती सी नागवंशी के नेतृत्व में स्वास्थ्य टीम द्वारा 9 नवंबर दिन बुधवार को लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना के तहत विकासखंड के विभिन्न ग्रामों से आए 117 गर्भवती महिलाओं का बीपी शुगर हिमोग्लोबिन प्रेगनेंसी, यूरीन, ऊंचाई वजन सहित अन्य जांच किया गया जांच उपरांत डॉक्टर आकांक्षा केरकेट्टा क्रू पिंकी टंडन द्वारा गर्भवती महिलाओं को खान-पान सहित उचित परामर्श दिया गया इस दौरान उन्हें निशुल्क दवा का वितरण भी किया गया है। लैब टेक्नीशियन अमित दास गुलाब सिंह विजय पैकरा अनिल तिर्की अनिल विश्वकर्मा फार्मासिस्ट अमित सिंह सिसोदिया मंजू भारद्वाज सी एच ओ अंजली सिंह, आकांक्षा सिंह बघेल, अंजू साहू, काउंसलर प्रतीक सिंह, एएनएम संतरा सिंह, सुजाता सूर्यवंशी, सरस्वती विश्वकर्मा, कुसुम सिंह, सुनीता लकड़ा, वंदना गौतम, कंचन लता कुशवाहा सहित स्वास्थ्य में सक्रिय रहे। क्रद्र ह्र श श्रीमती सी नागवंशी यूनिसेफ स्त्रद्ब ममता चौहान के द्वारा उपस्थित गर्भवती महिलाओं को टीकाकरण, साफ सफाई, खानपान ,प्रसव के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।




## यज्ञ तैयारी को लेकर ज्ञान यज्ञ परिवार का बैठक संपन्न

- संवाददाता -
रामानुजगंज 09 अक्टूबर 2022 (घटीत घटना)

नगर के ज्ञानयज्ञ परिवार के द्वारा आगामी मार्च 2023 में आयोजित होने वाले यज्ञ तैयारी को लेकर बैठक का आयोजन स्थानीय आमंत्रण धर्मशाला में किया गया ।

जहां समिति के अध्यक्ष मोहन गुप्ता ने बताया कि नगर एवं गांव शहर से 70 से 80 प्रतिनिधियों सहित यज्ञ के कार्यकर्ता शामिल होंगे। वहीं यज्ञ का आयोजन गर्म जल स्त्रोत तातापानी में धूमधाम से किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम को संपन्न बनाने के लिए आगामी बैठक में कमेटी का गठन कर उनको दायित्व सौंपा जाएगा। इस अवसर पर बजरंग मुनि ने कहां की जिले भर में बृहद रूप से एक कमेटी के माध्यम से सघन प्रचार प्रसार चलाने की आवश्यकता है। इस अवसर पर आर के पटेल विमलेश सिन्हा अरुण गुप्ता प्रमोद केसरी दिलीप केसरी शंकर केसरी रवि रंजन पाल शुभेंदु महापात्रा मंगल प्रसाद बजरंग गुप्ता रामराज साहू सुनील विश्वास के साथ अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित उपस्थित रहें।



## अधेड़ बना हैवान,13 साल की बच्ची की लूटी अस्मत ,तबियत खराब होने पर हुआ खुलासा

- संवाददाता -
कोरबा, 09 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

जिले में लगातार अपराध का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। कोतवाली थाना क्षेत्र में 13 साल की बालिका के साथ 57 वर्षीय बुजुर्ग ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।पीड़िता के परिजनों ने कोतवाली थाना थाने में मामले की शिकायत की है। परिजन ने बताया कि सरफराज खान उर्फ राजू पुरानी बस्ती निवासी ने उसकी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म किया है। बेटी डरी सहमी थी और कुछ भी बताने से इंकार कर रही थी। अचानक जब उसकी तबियत बिगड़ी तब उससे पूछे जाने से ये बात सामने आई।हैवान दरिंदा पहले भी ऐसा काम करने का कोशिश कर चुका था, लेकिन डर की वजह से वो नहीं बता रही थी। इस बार बहला फुसलाकर बालिका को लेकर गया और उसके साथ घिनौना काम किया। जब बालिका की तबियत बिगड़ी और परिजन अस्पताल लेकर गए तब घटना का खुलासा हुआ। कोतवाली थाना प्रभारी रूपक शर्मा ने बताया कि पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर पुलिस तुरंत हरकत में आई और मामला दर्ज कर घटना के कुछ ही घंटे बाद आरोपी को पकड़ लिया गया। आरोपी पुरानी बस्ती निवासी सरफराज खान उर्फ राजू को वैधानिक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया गया है।



# कोरिया की डर्टी राजनीति की एक और तस्वीर!

कोरिया जिले में कांग्रेस की गुटबाजी अब खुलकर आ रही सामने, सत्ताधारी दल को लगा गुटबाजी का ग्रहण।

» शिवपुर चरचा नगरपालिका क्षेत्र से सत्ताधारी कांग्रेस पार्टी के नेताओं के बैनर पोस्टर नगरपालिका ने निकलवाये।

» शिवपुर चरचा नगरपालिका में है सत्ताधारी कांग्रेस पार्टी की सरकार, फिर भी निकाले गए कांग्रेसी नेताओं के ही पोस्टर बैनर।

» छठ पर्व में जिलेभर के कांग्रेसी नेताओं के बैनर पोस्टर लगे थे शिवपुर चरचा नगरपालिका क्षेत्र में।

» कुछ छुटभैये नेताओं ने भी अपना क्षेत्र छोड़कर शिवपुर चरचा में ही लगवाए थे बैनर पोस्टर।

» अब पोस्टर निकाले जाने से कांग्रेस में ही उठने लगे विरोध के स्वर,सोशल मीडिया पर दर्ज किया जा रहा विरोध।

- रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर 9 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)

कोरिया जिले में कांग्रेस बुरी तरह गुटबाजी की गिरफ्त में फंस गई है और अब गुटबाजी सोशल मीडिया पर देखा जा रहा है जहां आरोप प्रत्यारोप जारी है। मामला शिवपुर चरचा नगरपालिका से इसबार सामने आया है जहां छठ महापर्व पर जिलेभर के कांग्रेस नेताओं ने अपना बैनर पोस्टर शिवपुर चरचा नगरपालिका क्षेत्र में लगवाया था और जिनमे से कुछ बैनर पोस्टर को नगरपालिका ने हटा दिया है जिसको लेकर सोशल मीडिया में कांग्रेसी ही आरोप प्रत्यारोप लगाते हुए यह कहते नजर आ रहें हैं कि जब प्रदेश में हमारी सरकार और नगरपालिका में हमारी सरकार फिर आखिर कांग्रेस नेताओं के ही बैनर पोस्टर क्यों निकाले गए जबकि अन्य के बैनर पोस्टर लगे हुए हैं,वैसे इसबार छठ महापर्व अवसर पर कांग्रेस नेताओं के लिए शिवपुर चरचा मुख्य छठ घाट रहा जहां जिलेभर के कांग्रेस नेताओं ने जाकर छठ पर्व की शुभकामनाएं व्रतियों को देने का प्रयास किया,शिवपुर चरचा कांग्रेस के छुटभैये नेताओं के लिए भी पर्व पर मुख्य स्थान रहा जहां उन्होंने पूरा समय भी दिया जबकि इन्ही छुटभैये नेताओं ने अपने क्षेत्र के छठ घाटों पर जाना भी मुनासिब नहीं समझा, कुलमिलाकर अभी हाल फिलहाल में ही जिन्हें जरा सी भी जवाबदेही दी गई पार्टी की तरफ से सभी ने शिवपुर चरचा का रुख किया जबकि अपना ही क्षेत्र उन्होंने छोड़ दिया।




वैसे पोस्टर निकाले जाने के बाद सोशल मीडिया पर कांग्रेस की गुटबाजी जो सामने आ रही है यह कोई नहीं बात नहीं है शिवपुर चरचा में कांग्रेस दो धड़ों में बंटी हुई है यह पहले से ही सभी जानते हैं और नगरपालिका चुनाव में ही दो गुट आमने सामने थे यह भी सभी जानते हैं। अब पोस्टर निकाले जाने को लेकर यही माना जा रहा है कि एक गुट का पोस्टर निकाला गया है जिसके कारण ही दूसरा गुट विरोध में सामने है। वैसे पोस्टर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष एवम उनके समर्थकों का निकाला गया है और विरोध भी पूर्व नगरपालिका एवम उनके समर्थक सोशल मीडिया पर दर्ज कर रहें है। अब पोस्टर नगरपालिका के नियमों के अधीन निकाला गया है या द्वेषवश निकाला गया है इसकी जानकारी तो नगरपालिका ही दे सकती है लेकिन गुटबाजी जो सत्ताधारी दल में पनप चुकी है वह समाप्त होती नहीं दिख रही है। शिवपुर चरचा नगरपालिका सहित जिले में कांग्रेस की गुटबाजी कांग्रेस के लिए आने वाले चुनाव में पार्टी के लिए ही चुनौती होगी इसबात से इंकार नहीं किया जा सकता,वैसे विधायक भी वर्तमान नगरपालिका अध्यक्ष से ज्यादा करीब हैं और पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष को एक तरह से उन्होंने किनारे कर रखा है जो आने वाले समय मे चुनाव को देखते हुए विधायक के लिए अच्छा संकेत नहीं है। पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष कट्टर कांग्रेसी हैं और उनका जनाधार नहीं है ऐसा नहीं कहा जा सकता ऐसे में उनको किनारे लगाने के चक्कर मे कहीं सत्ताधारी दल ही किनारे न लग जाये यह बहोत बड़ा सवाल खड़ा है।

CMYK

# टी 20 विश्व कप के फाइनल में पहुंचा पाकिस्तान

### » न्यूजीलैंड को दिलचस्प मुकाबले में 7 विकेट से हराया

**मेलबर्न, 09 नवम्बर 2022।** टी20 विश्व कप के पहले फाइनलिस्ट का फैसला हो चुका है। पाकिस्तान की टीम न्यूजीलैंड को हराने के बाद सीधे सेमीफाइनल में प्रवेश कर चुकी है। भारत और इंग्लैंड के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले के विजेता के साथ ही पाकिस्तान टीम का मुकाबला मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में 13 नवंबर को होगा। अहम मुकाबले में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया था। न्यूजीलैंड क टीम 4 विकेट के नुकसान पर 152 रन ही बना सकी थी। पाकिस्तान को जीत के लिए 153 रनों की आवश्यकता थी। पाकिस्तान ने यह लक्ष्य 3 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। पाकिस्तान की शुरुआत शानदार रही। दोनों ही सलामी बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान और बाबर आजम ने अर्धशतक जमाया।



पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने 42 गेंदों में 53 रनों की पारी खेली जिसमें 7 चौके शामिल थे। न्यूजीलैंड को पहला झटका 105 रनों के स्कोर पर लगा जब बाबर आजम को ट्रेंट बोल्ट में 53 रन के स्कोर पर आउट किया। मोहम्मद रिजवान को भी ट्रेंट बोल्ट ने ही आउट किया। पाकिस्तान की शुरुआत काफी तेज हुई थी। मोहम्मद हरीश ने 30 रनों की पारी खेली। इससे पहले शाहीन शाह अफरीदी की अगुवाई में अपने गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड को चार विकेट पर 152 रन पर रोक दिया था। न्यूजीलैंड के लिये डेरिल मिशेल ने 35 गेंद में नाबाद 53 और कप्तान केन विलियमसन ने 42 गेंद में 46 रन बनाकर स्कोर 150 के पार पहुंचाया। ग्रुप चरण में औसत प्रदर्शन के बाद किस्मत के सहारे सेमीफाइनल तक पहुंची पाकिस्तानी टीम के तेवर आज बिल्कुल बदले हुए थे। उसके गेंदबाजों ने अनुशासित प्रदर्शन किया और क्षेत्ररक्षण भी काफी मुस्तैद था।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का कीवी कप्तान केन विलियमसन का फैसला गलत साबित हो गया जब अफरीदी ने पहले ओवर में ही उन्हें करारा झटका दिया। पहले बदलाव के तौर पर आये हारिस रऊफ ने अपने पहले ओवर में चार रन ही दिये। न्यूजीलैंड का दूसरा विकेट छठे ओवर में गिरा जब क्रीज पर जमते दिख रहे डेवोन कोंवे तेजी से रन चुराने के प्रयास में रन आउट हो गए। अगले ओवर में ग्लेन फिलिप्स को मोहम्मद नवाज ने रिटर्न कैच लेकर पवेलियन भेजा। इस समय न्यूजीलैंड का स्कोर आठ ओवर में तीन विकेट पर 49 रन था। इसके बाद विलियमसन और मिशेल ने चौथे विकेट के लिये 50 गेंद में 68 रन की साझेदारी की।

# 2023 में महिला विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप की मेजबानी करेगा भारत

**नई दिल्ली 09 नवम्बर 2022।** भारत में 2023 में महिला विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप होगी जबकि दो साल पहले जरूरी फीस जमा नहीं करने की वजह से भारत से पुरूष विश्व चैम्पियनशिप की मेजबानी छीन ली गई थी। भारत में कभी पुरूष विश्व चैम्पियनशिप नहीं हुई है लेकिन तीसरी बार महिला चैम्पियनशिप होगी। इससे पहले दिल्लीमें 2006 और 2018 में चैम्पियनशिप हो चुकी है।

भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के महासचिव हेमंत कलीता ने कहा ,'' हमें महिला विश्व चैम्पियनशिप की मेजबानी मिली है और अब मार्च के आखिर में और अप्रैल के पहले सप्ताह में इसका आयोजन करेंगे।''



अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष उमर क्रेमलोव भारत के पहले दौरे पर हैं और उनकी यात्रा के दौरान ही टूर्नामेंट की तारीखें तय होंगी। टूर्नामेंट जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में खेला जा सकता है।

भारत ने 2021 में पुरूष चैम्पियनशिप की मेजबानी सर्बिया को गंवा दी थी क्योंकि मेजबानी फीस का भुगतान नहीं हो सका था। पिछली महिला विश्व चैम्पियनशिप में भारत ने तीन पदक जीते थे जिसमें निकहत जरीन का स्वर्ण पदक शामिल है।

## बार्सीलोना ने ओसासुना को 2-1 हराया



**सेंटियागो , 09 नवम्बर 2022।** रॉबर्ट लेवांडोवस्की और गेरार्ड पीक को रेडकार्ड मिलने के बावजूद बार्सीलोना ने विश्व कप ब्रेक से पहले ओसासुना को 2 . 1 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग में अपना शीर्ष स्थान कायम रखा। लेवांडोवस्की का करीब एक दशक में यह पहला रेडकार्ड था जबकि पीक को कैरियर के आखिरी मैच में रेडकार्ड मिला। बार्सीलोना के लिये विजयी गोल राफिन्हा ने दागा।

बार्सीलोना अब दूसरे स्थान पर काबिज रीयाल मैड्रिड से पांच अंक आगे है। ओसासुना के लिये छठे मिनट में गार्शिया ने गोल दागा। पेड्री गोंजालेस ने 48वें मिनटमें बराबरी का गोल किया और स्थानापन्न खिलाड़ी राफिन्हा ने 85वें मिनट में हेडर पर विजयी गोल किया।



## अरबाज खान ने बताया क्यों शुरू नहीं हो पा रहा फिल्म दबंग 4 पर काम

सलमान खान की हिट फ्रैंचाइजी दबंग की अगली फिल्म दबंग 4 का दर्शकों को लंबे समय से इंतजार है। इससे पहले सलमान खुद दबंग 4 बनाने की ओर इशारा कर चुके हैं। अब फिल्म अभिनेता-प्रोड्यूसर अरबाज खान ने फिल्म के निर्माण पर जानकारी साझा की है। अरबाज ने कहा है कि दबंग 4 एक ऐसी फिल्म है जिसे वे पूरे दिल से और मेहनत से बनाना चाहते हैं।

अरबाज ने कहा कि दबंग 4 पर काम होगा। फिलहाल वह और सलमान दोनों ही अपने पुराने कामों में व्यस्त हैं। बकौल अरबाज दबंग 3 और दबंग 4 के बीच उतना समय नहीं लगेगा, जितना दबंग 2 और दबंग 3 के बीच लगा था। इस फिल्म की स्क्रिप्ट तैयार करने के लिए अरबाज और सलमान दोनों को साथ में समय निकालने की जरूरत है। ऐसे में दोनों अपने अन्य काम पूरे करके इसपर काम शुरू करेंगे। अरबाज के अनुसार यह एक ऐसी फिल्म है जिसे वह रचनात्मक स्तर पर सलमान के पास ले गए थे। इसके बाद उन्होंने इसका निर्माण और निर्देशन किया। वहीं फिल्म में सलमान के किरदार चुलबुल पांडे को दर्शकों ने काफी प्यार दिया। इस किरदार ने सलमान को बॉलीवुड में नया नाम दिया। ऐसे में यह फिल्म दोनों के दिल के बेहद करीब है और कोई एक इसको लेकर फैसला नहीं ले सकता।

दबंग बॉलीवुड की सबसे चर्चित फिल्म फ्रैंचाइजी में से एक है। यह फिल्म 2010 में आई थी। फिल्म में सलमान एक दबंग पुलिसवाले चुलबुल पांडे के किरदार में हैं। वहीं फिल्म में सोनू सूद ने छेदी सिंह की भूमिका में सुर्खियां बटोरी थी। अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने दबंग से ही बॉलीवुड में अपने करियर की शुरुआत की थी। फिल्म का सीक्वल 2012 में आया था और दबंग 3 2019 में रिलीज हुई थी। जहां दबंग और दबंग 2 का निर्देशन खुद अरबाज ने किया था वहीं दबंग 3 में निर्देशन की कमान प्रभुदेवा ने संभाली थी। चर्चा है कि दबंग 4 का निर्देशन अरबाज तिग्मांशु धूलिया को देना चाहते हैं। सलमान इन दिनों बिग बॉस 16 होस्ट कर रहे हैं। उनकी दो फिल्में किसी का भाई किसी की जान और टाइगर 3 चर्चा में है। किसी का भाई किसी की जान लंबे समय से चर्चा में है। इस फिल्म से शहनाज गिल बॉलीवुड डेब्यू करने जा रही हैं। यह फिल्म अगले साल ईद के मौके पर आएगी। टाइगर 3 में एक बार फिर सलमान और कैटरीना कैफ की जोड़ी देखने को मिलेगी। यह फिल्म अगले साल दिवाली पर आएगी।

## भारत नॉक-आउट जंग को तोड़ने के लिए कमर कस रहा है

**एडिलेड , 09 नवम्बर 2022।** भारत अपने अंतिम गौरव से केवल दो कदम दूर है और टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में गुरुवार को एडिलेड ओवल की मुश्किल पिच पर इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन कर रहा है. जबकि भारत ने इंग्लैंड की तुलना में ग्रुप चरण में बेहतर प्रदर्शन किया है, एक उच्च दांव, %विजेता यह सब लेता है प्रतियोगिता हमेशा समान रूप से शुरू होती है।



इंग्लैंड के प्रमुख ऑलराउंडर बेन स्टोक्स पहले ही स्वीकार कर चुके हैं कि उन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट नहीं खेला है और भारतीय टीम को यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि जोस बटलर और स्टोक्स खुद अपने ए गेम को सामने लाने के लिए सेमीफाइनल का चयन न करें।

इतिहास भी भारत के खिलाफ है जब आईसीसी आयोजनों के कारोबार के अंत में परिणाम की बात आती है।

2013 के बाद, भारतीय टीमों ने कई मौकों पर अंतिम दो बाधाओं को पार करने के लिए संघर्ष किया है - 2014 टी 20 विश्व कप फाइनल, 2016 टी 20 विश्व कप सेमीफाइनल, 2017 चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल और 2019 एकदिवसीय विश्व कप सेमीफाइनल।

भले ही रोहित शर्मा उन सभी खेलों में खेले, लेकिन वह उस समय टीम का नेतृत्व नहीं कर रहे थे और इसलिए निराशा का कोई सामान नहीं रखते क्योंकि वह अपनी पूर्णकालिक कप्तानी के सबसे महत्वपूर्ण चरण में प्रवेश करते हैं।

रोहित (5 मैचों में 89 रन) बांह की कलाई में चोट लगने के शारीरिक दर्द को भूलना चाहेंगे क्योंकि अगर एक फिट मार्क वुड या उनके संभावित प्रतिस्थापन क्रिस जॉर्डन ने इसे छोटा कर दिया तो वह एक पुल शॉट खेलने से नहीं कतराएगा। भारत के कप्तान को प्रतियोगिता में एक दमदार पारी की जरूरत है और उनके विरोधियों को बंद करने के लिए सेमीफाइनल से बड़ा कोई मैच नहीं हो सकता।

विराट कोहली के पास अपने पुराने दुश्मन आदिल राशिद के खिलाफ लड़ाई होगी, जबकि सैम कुरेन के कटर के खिलाफ सूर्यकुमार यादव का कौशल एक आकर्षक मैच होगा।

स्टोक्स की हरफनमौला क्षमता का मुकाबला हार्दिक पांड्या में होगा, जिन्होंने विभिन्न खेलों में बल्ले और गेंद से अपना काम किया है।

मुख्य कथा में निहित उप-भूखंडों की साज़िश एक प्रमुख निर्माण के लिए तैयार होती है क्योंकि दुनिया में नंबर 1 भारत दूसरे स्थान पर इंग्लैंड में अपने आदर्श मैच से मिलता है।

दुनिया भर के प्रशंसक रविवार को एमसीजी में भारत बनाम पाकिस्तान फाइनल चाहते हैं, लेकिन संशयवादी तुरंत इतिहास की ओर इशारा करेंगे जहां भारत और पाकिस्तान दोनों 1987 विश्व कप में अपने-अपने वनडे सेमीफाइनल हार गए थे।

पंत या डीके, चहल या अक्षर? भारतीय टीम ने सुपर 12 चरण में चार गेम जीते, लेकिन जो थोड़ा परेशान करने वाला लग रहा है, वह दिनेश कार्तिक और ऋषभ पंत से इष्टतम प्रदर्शन प्राप्त करने में सक्षम नहीं है, यह भ्रमित दिख रहा है कि बल्लेबाजी करते समय आक्रमण करना है या बचाव करना है पाँच नंबर। छोटी साइड बाउंड्री और उपस्थिति के साथ या राशिद, जिसका लेग ब्रेक बाएं हाथ के बल्लेबाज में बदल जाएगा, पंत एक अधिक प्रशंसनीय विकल्प दिखता है, लेकिन क्या राहुल द्रविड़ का एक नामित फिनिशर के लिए आकर्षण जारी रहता है, यह देखना दिलचस्प होगा।

इसी तरह अक्षर पटेल (9.10 की इकॉनमी रेट से 3 विकेट) ने मंच पर आग नहीं लगाई है, लेकिन भारतीय टीम प्रबंधन ने अभी तक युजवेंद्र चहल को खेलने के लिए पर्याप्त साहस नहीं दिखाया है।

चहल की उपस्थिति महत्वपूर्ण होगी क्योंकि मैच इस्तेमाल की गई पटरियों में से एक पर खेला जाएगा और स्पिन खेल के परिणाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।


यदि टूर्नामेंट के सबसे तेज गेंदबाज मार्क वुड को पीठ की चोट के कारण बाहर कर दिया जाता है, तो यह भारत के लिए स्वागत योग्य खबर होगी क्योंकि जॉर्डन या टायमल मिल्स के पास इस लाइन अप को रोकने के लिए साधन नहीं हैं।

लेकिन स्टोक्स और कुरेन गेंद से इंग्लैंड के लिए अधिक प्रभावशाली रहे हैं और भारत को पहले बल्लेबाजी करना पसंद करेंगे और 150 के कुल स्कोर का पीछा करेंगे।

बटलर, एलेक्स हेल्स, लियाम लिविंगस्टोन किसी भी दिन किसी भी लक्ष्य का पीछा कर सकते हैं लेकिन एक बड़े अवसर पर लेकिन एक छोटा स्कोर स्कोरबोर्ड के दबाव को कम करने में मदद करेगा।

एडिलेड में बराबर स्कोर 170 होगा और रोहित को कार्तिक या पंत के साथ खड़ा होना होगा और %औसत के नियम% के रूप में गिना जाएगा, सूर्यकुमार (225 रन) या कोहली (246 रन) के साथ जल्द से जल्द पकड़ सकता है।

## अवनीत कौर ने शॉर्ट ड्रेस में बढ़ाया इंटरनेट का पारा



टीवी एक्ट्रेस अवनीत कौर इन दिनों अपनी फोटोज से इंटरनेट पर सनसनी मचाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों की तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं। हाल ही में अवनीत कौर ने अपने लेटेस्ट बोल्ड फोटोशूट से एक बार फिर बोल्ड अदाओं का तड़का लगा दिया है। अवनीत कौर ने महज 21 साल की उम्र में टीवी इंडस्ट्री में एक बढ़ा मुकाम हासिल किया है। हाल ही में एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरों से एक बार फिर फैंस के बीच बोल्डनेस का तड़का लगा दिया है। इन तस्वीरों में अवनीत कौर ने व्हाइट कलर का क्रॉप टॉप और साथ ही ब्लू कलर का शॉर्ट्स पहना हुआ है। ओपन कर्ली हेयर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। अवनीत कौर जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों की जमकर तारीफ करते हैं। अभिनेत्री सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। बता दें कि अवनीत कौर को इंस्टाग्राम पर 32 मिलियन से भी ज्यादा यूजर्स फॉलो करते हैं। अवनीत कौर हमेशा अपने स्टाइलिश लुक्स और फैशन सेंस के चलते लाइमलाइट में रहती हैं। एक्ट्रेस अवनीत कौर ने 31 अक्टूबर 2001 को पंजाब के जलंधर में जन्म लिया था और उन्होंने अपने टीवी करियर की शुरुआत डीआईडी से की थी।

# ऐश्वर्या की लाल सलाम में स्पेशल अपीयरेंस देंगे रजनीकांत

तमिल सुपरस्टार रजनीकांत अपनी बेटी ऐश्वर्या रजनीकांत की अपकमिंग फिल्म लाल सलाम में खास भूमिका निभाएंगे। इसकी घोषणा निमार्ताओं ने की। फिल्म को प्रोड्यूस जाने-माने प्रोडक्शन हाउस लाइका प्रोडक्शंस द्वारा किया जा रहा है और इसमें एक्टर विष्णु विशाल और विक्रांत लीड रोल में होंगे।



ट्विटर पर लाइका प्रोडक्शंस ने यह घोषणा करते हुए कहा, लाल सलाम सभी के लिए! हमें अपने अगले प्रोजेक्ट की घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही हैं, जिसमें सुपरस्टार रजनीकांत एक स्पेशल अपीयरेंस में हैं! ऐश्वर्या रजनीकांत द्वारा निर्देशित और विष्णु अभिनीत विशाल और विक्रांत मुख्य भूमिका में हैं। संगीत ए.आर. रहमान का है। रजनीकांत ने लाइका प्रोडक्शंस के साथ दो फिल्मों की डील की थी। लाल सलाम उन दो फिल्मों में से एक है जिसके लिए सुपरस्टार ने साइन किया है। प्रोडक्शन हाउस ने फिल्म का एक पोस्टर भी जारी किया, जिसमें दंगों से प्रभावित जगह की तरह दिखने वाले क्रिकेट हेलमेट को जलते हुए दिखाया गया है। दिलचस्प बात यह है कि फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने के लिए चुने गए दोनों अभिनेताओं विक्रांत और विष्णु विशाल को अच्छे क्रिकेटरों के रूप में जाना जाता है, जिससे यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि क्या फिल्म की कहानी दंगों से प्रभावित क्रिकेटरों के इर्द-गिर्द घूमेगी।















C M Y K

# इनकम टेक्स विभाग की उद्योगपतियों पर बड़ी कार्यवाही

**» 50 ठिकानों में अब भी आयकर विभाग की छापेमारी जारी**




**रायपुर,09 नवम्बर 2022।** आयकर की बड़ी टीम ने बुधवार सुबह राजधानी, बिलासपुर और रायगढ़ में छापे की कार्रवाई शुरू की है। इस टीम में 60-65 से अधिक आयकर अफसर शामिल हैं। टीम ने एन आर इस्पात रायगढ़ के डायरेक्टर संजय अग्रवाल के रायगढ़, ला विस्टा रायपुर में रहने वाले रामगोपाल अग्रवाल के घरों और दफ्तरों को घेरा है। इनके अलावा बिलासपुर के रियल स्टेट कारोबारी बजरंग-महावीर अग्रवाल, रायगढ़ गजानंद नगर के ही कोयला कारोबारी राकेश शर्मा के यहां भी कार्रवाई चल रही है। ये छापे पिछले पखवाड़े मारे गए छापों में मिले इनपुट के मुताबिक डाले गए हैं। आयकर और ईडी ने सूर्यकांत तिवारी, सुनील अग्रवाल और ट्रांसपोर्टर लक्ष्मीकांत तिवारी के यहां दबिश दी थी।

जय अम्बे ट्रांसपोर्टर के मालिक जोगेन्दर के भाई रिंटू सिंह रायपुर स्थित, आनंदम सिटी स्थित घर पर भी जांच शुरू की गई है। पहले ये लोग गोल्डन स्काई में रहते थे। लेकिन हाल में वे आनंदम वर्ल्ड कचना में शिफ्ट हो गए। आयकर अफसर जब वहां पहुंचे, तो मकान में ताला लगा था। परिजनों को बुलाकर जांच शुरू की गई। जय अंबे में सूर्यकांत तिवारी की भी हिस्सेदारी है। उधर बिलासपुर ईदगाहभाटा निवासी बजरंग, महावीर अग्रवाल के यहां भी जांच चल रही है। इनका रियल स्टेट, तेंदूपत्ता, और राईस मिलिंग का कारोबार है।


बहरहाल सभी टीमें जांच पड़ताल में जुटी हुई है। इन कारोबारियों के साथ उनके चार्टर्ड अकाउंटेंट के यहां भी जांच और पूछताछ हो रही है। बीते तीन से पांच वर्षों के आईटी रिटर्न, कच्चे और उत्पादित माल का वेरिफिकेशन, खरीदी -बिक्री , वेतन -भत्तों और ज्वेलरी, शेयरों में इन्वेस्टमेंट, लॉकर्स आदि को भी खंगाला जा रहा है। यह कार्रवाई अभी चार दिन जारी रहने के संकेत हैं।इस जांच में किसी अन्य फर्मों का लिंक मिलने पर जांच के लिए अफसरों की कुछ और टीमें स्टैंड बाय में रखा गया है। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक इन ठिकानों से किसी भी तरह की सीजिंग की जानकारी नहीं मिली है।

सभी अफसर राजधानी के बाहर ठहराए गए थे. आयकर अधिकारी दिल्ली डायरेक्टोरेट के अलावा इंदौर भोपाल, जबलपुर से कल शाम ही नियमित विमान से रायपुर पहुंच गए थे। इनके लिए एयरपोर्ट पर दो दर्जन कार की व्यवस्था की गई। संजय अग्रवाल और भाइयों ने बीते 20 वर्षो में अपने बिजनेस का तेजी से विस्तार किया है। 02 तक इनका राइस मिलिंग का पैतृक व्यवसाय बसना में था। इनके पिता की 2-3 मिलें हैं। उसके बाद भाइयों ने मिलकर रायगढ़ में स्पंज आयरन की पहली यूनिट डाली।और उसके बाद पलटकर नहीं देखा।इन बीस वर्षों में एन आर ग्रुप ने बड़ा ग्रोथ किया।

बड़े व्यवसायियों के यहां आईटी की रेड, अधिकारी खंगाल रहे ढ्ढस्क्क दस्तावेज

जांजगीर-चांपा। सक्ती में 4 जगहों पर इनकम टैक्स की टीम ने छापामार कार्रवाई की है। आईटी के अधिकारी सक्ती के प्रॉपर्टी डीलर जगदीश बंसल, सत्यविद्या ज्वेलर्स, अरुण अग्रवाल, अनुराग वस्त्रालय के कमल अग्रवाल और पेट्रोल पंप व्यवसायी आनंद अग्रवाल, प्रियंका मोबाइल और सक्ती के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल के घर और दुकान में पहुंचकर छानबीन शुरू की है। जानकारी के अनुसार, इनमें से कई सट्टा कारोबार और प्रोपर्टी डीलिंग के काम से जुड़े हैं। वहीं बिलासपुर में भी 2 कारोबारियों के घर आईटी ने दबिश दी है।

वहीं बिलासपुर में कारोबारी बजरंग अग्रवाल और महावीर अग्रवाल के घर पर आईटी ने छापा मारा है। जिनके यहां ये कार्रवाई की जा रही है वे तेंदूपत्ता और कोयला का कारोबार करते हैं। आईटी के अधिकारियों दबिश देकर दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं।



## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. महंत को भेजा प्रस्ताव

**» एक एवं दो दिसंबर को विधानसभा का विशेष सत्र आहूत किए जाने का किया आग्रह**

**रायपुर,09 नवम्बर 2022।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आदिवासी आरक्षण के मुद्दे को लेकर विधानसभा का विशेष सत्र आहूत करने का प्रस्ताव विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत को भेजा है। मुख्यमंत्री ने आगामी एक एवं दो दिसंबर को विधानसभा का विशेष सत्र आहूत किए जाने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आदिवासी समाज को भरोसा दिलाया है कि राज्य में आरक्षण के मामले में आदिवासी निश्चिंत रहें, उन्हें 32 प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिलाने के लिए हम हर संभव प्रयास कर रहे है। महाराष्ट्र, तमिलनाडु और कर्नाटक में आरक्षण की विधिक स्थिति का अध्ययन करने के लिए छत्तीसगढ़ शासन की ओर से वरिष्ठ अधिकारियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं का दल शीघ्र वहां जाएगा। अध्ययन दल के गठन एवं इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश को लेकर सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय द्वारा आदेश भी जारी कर दिया गया है।



## राज्यपाल उइके ने दी प्रस्ताव को मंजूरी

**रायपुर,09 नवम्बर 2022।** राज्यपाल अनुसुईया उइके ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 174 के खण्ड (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये 01 दिसंबर 2022 को पूर्वान्ह 11:00 बजे छत्तीसगढ़ विधानसभा का 15वां सत्र आहूत करने के विधानसभा से प्राप्त प्रस्ताव पर आज यहां हस्ताक्षर किए हैं। यह सत्र 01 और 02 दिसंबर 2022 को आहूत किया जाएगा।

गौरतलब है कि आज सुबह ही सीएम भूपेश बघेल ने छत्ते तीसगढ़ में आदिवासी आरक्षण के विषय को लेकर विधानसभा का विशेष सत्र आहूत करने का प्रस्ताव विधानसभा अध्यक्ष डा. चरणदास महंत को भेजा है। आगामी एक एवं दो दिसंबर को विधानसभा का विशेष सत्र आहूत किए जाने का आग्रह किया है।

## विधानसभा उप निर्वाचन-2022 अधिसूचना का प्रकाशन आज




**कांकेर 09 नवम्बर 2022।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-80 भानुप्रतापपुर के लिए उप निर्वाचन की अधिसूचना का प्रकाशन गुरुवार 10 नवम्बर को किया जायेगा तथा इसी दिन से नाम निर्देशन प्राप्त करने की कार्यवाही भी शुरू हो जायेगी। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 17 नवम्बर गुरुवार निर्धारित की गई है। नामांकन पत्रों की संवीक्षा 18 नवम्बर शुक्रवार को की जाएगी तथा नाम वापसी की अंतिम तिथि 21 नवम्बर सोमवार तक निर्धारित किया गया है। मतदान 05 दिसम्बर सोमवार को संपन्न कराया जायेगा तथा मतगणना 08 दिसम्बर गुरुवार को की जायेगी। अभ्यर्थियों को ऑनलाइन नाम निर्देशन पत्र एवं शपथ पत्र भरकर उसका प्रिंट आउट निकाल कर हस्ताक्षर, शपथ पत्र को नोटरीकृत पश्चात हार्ड कॉपी रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष जमा करने की सुविधा प्रदान की गई है। चूंकि यह विधानसभा क्षेत्र अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित है अतः इस निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों के लिए जमा की जाने वाली जमानत राशि रुपये 5,000 (पांच हजार) होगी। नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करते समय अभ्यर्थी के साथ केवल चार व्यक्ति रिटर्निंग ऑफिसर के कक्ष में प्रवेश कर सकते हैं। नामनिर्देशन हेतु प्रयोग किए जाने वाले वाहनों की अधिकतम संख्या 03 होगी।

## पीएल पुनिया के खिलाफ हुए आदिवासी समाज

**कांकेर 09 नवम्बर 2022।** छत्तीसगढ़ में भानुप्रतापपुर उपचुनाव का बिगुल बज चुका है। तारीखों के ऐलान के बाद से राजनीतिक पार्टी इसकी तैयारियों में जुट गई है। इसी बीच अब आदिवासी सामाज की इस उपचुनाव में एंट्री हो सकती है। भानुप्रतापपुर उपचुनाव में आदिवासी समाज प्रत्याशी उतार सकता है। इस संबंध में कल भानुप्रतापपुर में अहम बैठक रखी गई है।

दरअसल आज आदिवासी समाज ने आरक्षण कटौती को लेकर प्रेस कांफ्रेस ली। इस दौरान आदिवासी समाज के नेताओं ने कांग्रेस नेता पीएल पुनिया को बस्तर प्रवेश नहीं करने की चेतावनी दी। आदिवासी समाज पीएल पुनिया के बयान से भी नाराज है।



**मतदाताओं के लिए बड़ी खबर**

## मतदाता सूची में नाम जुड़वाने 8 दिसम्बर 2022 तक दें सकते हैं अग्रिम आवेदन

**रायपुर,09 नवम्बर 2022।** छत्तीसगढ़ में आज सभी मतदान केन्द्रों में एकीकृत मतदाता सूची के प्रकाशन के साथ ही इसके विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का काम शुरू हो गया है। भारत निर्वाचन आयोग के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत सभी जगह मतदाता सूची में नाम जोड़े जाने, विलोपित किए जाने या मतदाता सूची में दर्ज जानकारी संशोधित किए जाने के लिए 8 दिसम्बर 2022 तक आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। इन 30 दिनों में प्राप्त सभी आवेदनों का निराकरण कर 5 जनवरी 2023 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। मतदाता सूची में नाम जुड़वाने 8 दिसम्बर के बाद भी इसके सतत अद्यतनीकरण (अपडेशन) के दौरान साल भर आवेदन कर सकते हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची में संशोधन के लिए इस बार मात्र एक अहर्ता तिथि 1 जनवरी के स्थान पर चार अहर्ता तिथियों ङ्क 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई एवं 1 अक्टूबर के लिए भी अग्रिम आवेदन लिए जाएंगे। अगले वर्ष (2023 में) इन चारों अहर्ता तिथियों में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा मतदाता सूची में



अपना नाम जुड़वाने 9 नवम्बर 2022 से 8 दिसम्बर 2022 तक अग्रिम आवेदन जमा कर सकते हैं। जैसे ही उनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण होगी, संबंधित तिमाही में उनका आवेदन प्रोसेस हो जाएगा और उनका नाम मतदाता सूची में जुड़ जाएगा।

इस तरह अगले वर्ष के आम चुनाव में 1 अक्टूबर 2023 की तिथि में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी नागरिक मतदान करने के लिए पात्र होंगे। आयोग ने नाम जोड़ने की प्रक्रिया को पेपरलेस करने पर जोर देते हुए वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से नागरिकों को आवेदन जमा करने का आग्रह किया है। वोटर हेल्पलाइन एप बहुत ही यूजर-फ्रेंडली है एवं एंड्रायड तथा आई.ओ.एस. दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। बूथ लेवल अधिकारियों के भी पेपरलेस वर्क के लिए आयोग द्वारा गरूड़ एप (ढ्ढत्रक्रष्ठ ड्डश्चश्च) विकसित किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विगत 1 अगस्त 2022 से मतदाता सूची में पहले से पंजीकृत व्यक्तियों के आधार नम्बर कलेक्शन का काम फॉर्म-6बी में किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के लगभग 68 प्रतिशत मतदाताओं के नाम उनके आधार कार्ड से लिंक किए जा चुके हैं। आज से शुरू हुए मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण में छत्तीसगढ़ के 18-19 वर्ष के करीब साढ़े पांच लाख युवाओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए सभी महाविद्यालयों और हायर सेकण्डरी स्कूलों में विशेष कैम्प आयोजित किए जाएंगे। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वोटर आई.डी. कॉर्ड को नया और आकर्षक स्वरूप प्रदान किया गया है। वोटर आई.डी. कॉर्ड अब विभिन्न सिक्योरिटी फीचर्स जैसे क्यू.आर. कोड, गिलोचे पैटर्न, घोस्ट इमेज, माइक्रो टेक्स्ट एवं होलोग्राम के साथ प्रिंट किया जा रहा है। सभी नए मतदाताओं को स्पीड-पोस्ट के माध्यम से इसे उनके घर पर डिलीवर किया जा रहा है। प्रदेश में अब तक एक लाख से अधिक मतदाताओं को नया इपिक कार्ड (श्वक्कढ्ढष्ट ष्टड्डह्म्स्र) वितरित किए जा चुके हैं।

## डॉ. रेशमा अंसारी को सुमित्रा कुमारी सिन्हा स्मृति सम्मान

**रायपुर,09 नवम्बर 2022।** मैट्स यूनिवर्सिटी के हिन्दी विभाग की प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. रेशमा अंसारी को उत्तरप्रदेश के बिसौली, बदॉयू में आयोजित 8वें अंतर्राष्ट्रीय साहित्यकार सम्मान समारोह में सुमित्रा कुमारी सिन्हा स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया। इस समारोह में भारत के विभिन्न राज्यों के साहित्यकारों सहित अमेरिका, ताइवान, जर्मनी, नेपाल के साहित्यकारों को भी सम्मानित किया गया। यह 8वां अंतर्राष्ट्रीय साहित्यकार सम्मान- 2022 उत्तरप्रदेश की के.बी. हिन्दी सेवा न्यास और डॉ. मिथिलेश दीक्षित साहित्य-संस्कृति सेवा न्यास ने संयुक्त रूप से आयोजित किया। उल्लेखनीय है कि मैट्स यूनिवर्सिटी के हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष डा. रेशमा अंसारी बीते 15 वर्षो से हिन्दी भाषा और साहित्य के उन्नयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विविध शोध-सम्मेलनों के आयोजन, भागीदारी और शोध पत्रों तथा पुस्तकों के प्रकाशन सहित विविध रचनात्मक गतिविधियों के आयोजन में उन्होंने विशेष योगदान दिया है। उन्हें यह सम्मान हिन्दी भाषा के विकास, उन्नयन, सम्पादन, साहित्य, कला, संस्कृति, शिक्षा, संगीत, पत्रकारिता एवं समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय एवं सराहनीय भूमिका हेतु दिया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि न्यूयार्क अमेरिका के साहित्यकार इंद्रजीत शर्मा, विशिष्ट अतिथि अमेरिका के साहित्यकार प्रेम भारद्वाज थे। समारोह की अध्यक्षता देश की प्रसिद्ध महिला साहित्यकार डॉ. मिथिलेश दीक्षित ने की। इस अवसर पर के.बी. हिन्दी सेवा न्यास के अध्यक्ष एवं आयोजक डॉ. सतीश चंद्र शर्मा %सुधांशु%, महासचिव आशुतोष शर्मा %आशु%, डॉ. मिथिलेश दीक्षित साहित्य-संस्कृति सेवा न्यास के महासचिव आशीष शर्मा %नीटू%, मुकेश तिवारी मध्यप्रदेश, डॉ. अर्पण जैन, पं. ज्वाला प्रसाद शांडिल्य उत्तराखंड, डॉ. ओमकार नाथ द्विवेदी सहित देश-विदेश के अनेक प्रसिद्ध साहित्यकार उपस्थित थे। इस समारोह में अमेरिका, ताइवान, जर्मनी, नेपाल सहित भारत के साहित्यकारों का सम्मान किया गया। डॉ. अंसारी की इस उपलब्धि पर मैट्स यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति श्री गजराज पगारिया, महानिदेशक श्री प्रियेश पगारिया, कुलपति प्रो.के.पी. यादव, उपकुलपति डॉ. दीपिका ढांड, कुलसचिव गोकुलनंदा पंडा सहित मैट्स परिवार ने हर्ष व्यक्त किया है।




## भानुप्रतापपुर उपचुनावः कांग्रेस उम्मीदवार के लिए ठाकुर राम कश्यप भी रेस में



**कांकेर 09 नवम्बर 2022।** ठाकुर राम कश्यप लगभग 30 वर्षो से लगातार काँग्रेस पार्टी में अपनी अहम भूमिका निभाते आ रहे हैं, ठाकुर राम कश्यप कांकेर जिले के चारामा तहसील ग्राम चारभाठा के रहने वाले हैं वर्तमान में वे चारामा के ब्लॉक काँग्रेस कमेटी अध्यक्ष भी है । भानुप्रतापपुर उपचुनाव में ठाकुर राम कश्यप ने भी अपना दावा किया हैं.जानकारी के मुताबिक राजनीतिक सफर में वे सबसे पहले वर्ष 2000 से 2010 तक सरपंच ग्राम पंचायत चारभाठा साथ ही वर्ष 2000 से 2010 तक सरपंच संघ अध्यक्ष ब्लॉक चारामा रहे वहीं 2010 से 2015 तक जिला पंचायत सदस्य जिला कांकेर रहे, 2015 से 2020 तक जनपद उपाध्यक्ष ब्लॉक चारामा, वर्ष 2015 से 2018 तक महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी कांकेर रहे।



## गच्चनपल्ली के जंगल से 3 सक्रिय नक्सलियों को गिरफ्तार किया

**सुकमा, ,09 नवम्बर 2022।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत थाना भेजी क्षेत्रान्तर्गत कैम्प एलारमड़गू से 202 वाहिनी कोबरा बटालियन एवं डीआरजी के जवान सर्चिंग के लिए ग्राम गच्चनपल्ली की ओर रवाना हुये थे, अभियान के दौरान ग्राम गच्चनपल्ली के जंगल से 03 नक्सलियों 01. कड़ती दुर्गा पिता पाण्डू (मिलिशिया प्लाटून सदस्य) निवासी ग्राम गच्चनपल्ली थाना भेजी, 02 वेट्टी सोमा पिता वेट्टी रामा (जीआरडी मिलिशिया कमाण्डर) निवासी ग्राम गच्चनपल्ली थाना भेजी, 03. माड़वी देवा पिता स्व. माड़वी कोसा (मिलिशिया सदस्य) नवासी ग्राम एतराजपाड़ थाना भेजी को गिरफ्तार कर कैम्प एलारमडगू लाया गया।

गिरफ्तार नक्सलियों से पूछताछ में याना भेजी क्षेत्रान्तर्गत 29 नवंबर 2019 को ग्राम गच्चनपल्ली के जंगल में सुरक्षाबलों के गस्त पार्टी पर फायरिंग करने की घटना में शामिल होना स्वीकार किया गया। घटना के संबंध में थाना भेजी में अपक 07/2019 धारा 147, 148, 149, 307 भावि., 25, 27 आर्म्स एक्ट, 23, 38 (1) (2) 39(1) वि.वि.क्रि. नि. अधि. दर्ज हैं।

गिरफ्तार नक्सलियों के निशानदेही में गच्चनपल्ली के जंगल से 01 नग टिफिन बम लगभग 05 किग्रा. 08 नग इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, 04 मीटर कोर्डेक्स वायर, 10 मीटर इलेक्ट्रिक वायर बरामद किया गया। उपर्युक्त घटना में संलिप्त पाये जाने से थाना भेजी में कार्यवाही के उपरांत आज न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमाण्ड में जेल दाखिल किया गया।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)